RNI:
UPHIN/2015/60902

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 184
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 24 अक्टूबर, 2023

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



# हमास के कब्जे में 222 बंधक

## इज़राइल ने गाजा में जमीनी हमले किए तेज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** गाजा में दोनों पक्षों के लिए पांच संघर्षों में से सबसे घातक साबित हुआ है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मरने वालों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 4,741 लोगों तक पहुंच गई है, जबकि घिरे क्षेत्र में करीब 16,000 लोग घायल हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेननेतृत्व में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूनाइटेड किंगडम के नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी कर हमास के खिलाफ इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया। इसके साथ ही पुष्टि की गई है कि इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा पर जमीनी आक्रमण शुरू करके संघर्ष को बढ़ाएंगे। इस बीच, इजरायली सेना ने हमास शासित गाजा पट्टी और दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले तेज कर दिए, जबकि सीरिया और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में लक्ष्यों को शामिल करने के लिए हमले भी बढ़ा दिए। गाजा में दोनों पक्षों के लिए पांच संघर्षों में से सबसे घातक साबित हुआ है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मरने वालों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 4,741 लोगों तक पहुंच गई है, जबकि घिरे क्षेत्र में करीब 16,000 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा और इजरायली छापे के कारण अन्य 93 फिलिस्तीनियों की जान चली गई। इजरायली सेना ने घोषणा की कि फिलिस्तीनी बंदूकधारियों से निपटने के लिए गाजा पट्टी में रात भर सीमित जमीनी अभियान चलाए गए। इसके साथ ही, इजरायली क्षेत्र पर संभावित हमलों को रोकने के उद्देश्य से उन स्थानों पर हवाई हमले किए गए जहां हमास के आतंकवादी इकट्ठा हो रहे थे। इजरायली युद्धक विमानों ने सोमवार तड़के पूरे गाजा में जबरदस्त हमला किया। हमले में उस स्थान को भी निशाना बनाया गया जहां फलस्तीनियों को शरण लेने के लिये कहा गया है। सहायता सामग्री लेकर जा रहे एक छोटे काफिले को हमास शासित इलाके में प्रवेश की मंजूरी दिए जाने के बाद ये हमले किए गए। हमास द्वारा सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल में किये गये क्रूर एवं घातक हमलों के बाद, इजराइल अब गाजा में जमीनी हमले करने की व्यापक तैयारी में है। गाजा सीमा पर टैंकों और सैनिकों की भारी तैनाती है, और इज़राइल का कहना है कि उसने अगले चरणों में सैनिकों के लिए जोखिम को कम करने के लिए हवाई हमले बढ़ा दिए हैं।

## ईडी की लगातार छापेमारी इस बात का सबूत है कि कांग्रेस जीत रही है: अशोक गहलोत

एजेंसी



नई दिल्ली। गहलोत की टिप्पणी राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2021 के कथित प्रश्नपत्र लीक के मामले में चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में एक कोचिंग संस्थान और निजी व्यक्तियों पर हाल ही में की गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तलाशी के संदर्भ में आई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत दा दावा कर रहे हैं। उसके साथ ही गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा सबसे कांग्रेस पार्टी को परेशान करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लगातार हो रही ईडी की छापेमारी इस बात का सबूत है कि कांग्रेस चुनाव जीत रही है। गहलोत की टिप्पणी राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2021 के कथित प्रश्नपत्र लीक के मामले में चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में एक कोचिंग संस्थान और निजी व्यक्तियों पर हाल ही में की गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तलाशी के संदर्भ में आई है। इससे पहले 17 अक्टूबर को कथित प्रश्न पत्र लीक की जांच के तहत नागौर, सीकर और जयपुर में सात स्थानों पर छापे मारे गए थे। अपने ट्वीट में अशोक गहलोत ने लिखा कि राजस्थान में लगातार हो रही ईडी की रेड्स इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता का विश्वास जीतने में असमर्थ भाजपा, कांग्रेस को परेशान करने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इससे पहले दिन में, गहलोत ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही राज्य में दी जाने वाली गारंटी की घोषणा करेगी, जैसा कि उसने कर्नाटक में किया था। इससे पहले गहलोत ने कहा था कि इस बार हम अपनी सरकार दोहराने की कोशिश करेंगे। जल्द ही हम आपको गारंटी देने जा रहे हैं। हमने जो वादे किये थे, उन्हें निभाया है। मोदी जी हमारी नकल कर रहे हैं। हमारी पार्टी ने कर्नाटक में गारंटी दी, एमपी में दे रही है, अब राजस्थान में भी देंगे। राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। राजस्थान में कुल 200 सीटें हैं। राजस्थान में - जहां 25 नवंबर को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधी लड़ाई होगी - सत्ता-विरोधी लहर एक महत्वपूर्ण कारक है। 1993 से, जब राष्ट्रपति शासन के बाद भाजपा सत्ता में आई, राज्य में बारी-बारी से कांग्रेस और भाजपा का दौर चलता रहा।

## यूपी रोडवेज बसो की मरम्मत की जिम्मेदारी निजी हाथों में

**लखनऊ।** रोडवेज निजीकरण की तरफ बढ़ रही है। 19 डिपो में बसों की मरम्मत का काम निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया गया है। इसमें लखनऊ का अवध डिपो भी शामिल है। दरअसल, हाल ही में निदेशक मंडल की बैठक हुई थी, जिसमें इस निर्णय पर मुहर लगाई गई है। ऐसे में अब 19 क्षेत्र के एक-एक डिपो में बसों की मेंटीनेंस का काम आउटसोर्सिंग द्वारा कराया जाएगा। इससे बसों की बेहतर मेंटीनेंस की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे यात्रियों की शिकायतों पर विराम लग सकता है। लखनऊ परिक्षेत्र के तहत एसी जनरथ बसों की मेंटीनेंस अवध बस डिपो में होती है, जिसकी जिम्मेदारी प्राइवेट फर्म संभालेगी। रोडवेज के कर्मचारियों की जगह प्राइवेट फर्म के मैकेनिक यह काम देखेंगे। अभी तक एसी कूलिंग ठप होने से लेकर स्टीयरिंग, ब्रेक आदि फेल होने की शिकायतें आती रही हैं, जिससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता था। यह हाल तब था, जब डिपो को दो-दो करोड़ रुपये बसों की मरम्मत के लिए दिए गए थे।

## जिस गांव में बहनें लिखकर देंगी, वहां शराब दुकानें करेंगे बंद: शिवराज



एजेंसी

**मऊगंज, मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में बहुमत प्राप्त करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रदेश की तमाम 230 विधानसभा सीटों पर लगातार भ्रमण कर रहे हैं, जिसके तहत रविवार को सूबे के मुखिया शिवराज सिंह चौहान मऊगंज जिले के हनुमना पहुंचे। सीएम शिवराज ने लाडली बहनों को एक नया ऑफर दे दिया। कहा है कि मेरी लाडली बहनें जिस गांव में लिखकर देंगी वहां की शराब दुकानों को बंद कर दिया जाएगा। सीएम शिवराज ने कांग्रेस और कमलनाथ पर जमकर तंज कसे। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही राजनीतिक दलों की सक्रियता भी तेज हो रही है। शिवराज सिंह चौहान मऊगंज जिले के हनुमना में थे। यहां कई कांग्रेसी नेताओं ने मुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें सिद्धार्थ तिवारी राज के भी समर्थक शामिल थे। सीएम शिवराज ने लाडली बहना योजना का जिक्र करते हुए एक और एलान कर दिया। इसमें उन्होंने शराब दुकान बंदी पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी लाडली बहनें जिस गांव में लिखकर देगीं अगली बार वहां शराब की दुकानें बंद कर दूंगा। वहीं लाड़ली बहना योजना पर बात करते हुए उन्होंने बहनों से अपील की और कहा भाई का ध्यान रखना कांग्रेस की सरकार आई तो ना लाडली रहेगी ना बहनें रहेंगी। सीएम ने कहा कि मऊगंज जिला बनाया, नगर के अंदर फोरलेन सड़क बन रही है, हनुमना मऊगंज में रिंगरोड का निर्माण होने जा रहा है। किसानों के खेतों में बाणसागर का पानी आएगा। इसकी पहले से ही मंजूरी मिल गई है। प्रदीप पटेल को आशीर्वाद दीजिए, मऊगंज क्षेत्र में विकास की कमी नहीं होने दूंगा।

# हनुमान गढ़ी में हत्या का मामला

## अयोध्या के मठ-मंदिरों में रहने वाले संतों-शिष्यों का हो सत्यापन: सीएम योगी

एजेंसी




**लखनऊ।** बीते 19 अक्तूबर को हनुमानगढ़ी से जुड़े साधु राम सहारेदास की हत्या में उनके दो शिष्यों के नाम आने के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं। इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसलिए सर्तकता बढ़ा दी गई है।

रामनगरी के मठ-मंदिरों में रहने वाले साधु-शिष्यों का सत्यापन कराया जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने भी निर्देश दिया है, जिसके बाद कार्रवाई तेज कर दी गई है। रामनगरी के सभी आठ हजार मंदिरों में रहने वालों का सत्यापन किया जाएगा, सभी के पहचान पत्रों की जांच का काम प्रारंभ कर दिया गया है। बीते 19 अक्तूबर को हनुमानगढ़ी से जुड़े साधु राम सहारेदास की हत्या में उनके दो शिष्यों के नाम आने के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं। इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसलिए सर्तकता बढ़ा दी गई है। दो दिवसीय दौर पर अयोध्या आए मुख्यमंत्री ने भी संतों के साथ भोजन के दौरान यह जानकारी दिया है कि मठ-मंदिरों में रहने वाले साधु-शिष्यों व अन्य लोगों का सत्यापन कराया जा रहा है। एक संत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अयोध्या के सभी मठ-मंदिरों में सत्यापन कराने को कहा है। बतातें चले कि अयोध्या में गुरु-शिष्य परंपरा सदियों से प्रवाहमान है। यहां मंदिर के महंत व पीठाधिपति शिष्य, सेवादार, पुजारी, भंडारी, आदि रखते हैं ताकि मंदिर के संचालन में उन्हें आसानी हो। ऐसे करने के लिए उन्हें किसी से अनुमति भी नहीं लेनी होती है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं के बाद संतों में एक दहशत का माहौल है। हनुमानगढ़ी में हत्या की घटना के कुछ महीने पहले ही स्वर्गद्वार स्थित एक प्रतिष्ठित पीठ में मंदिर में आने-जाने वाले शिष्य ने ही एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इससे पहले भी कुछ घटनाएं हो चुकी हैं। खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हनुमानगढ़ी अखाड़ा के चारों पट्टी के मठ-मंदिरों में सत्यापन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। रामनगरी के सभी मठ-मंदिरों में रहने वाले लोगों की पहचान जांचने का काम किया जाएगा।

## सरकारी राशन में हो रही बंदर बांट यूपी में ठिकाना

❖ दिल्ली-पंजाब से आए मुफ्त राशन से पेट भर रहे 35 सौ कार्डधारक।

एजेंसी

**बागपत।** सरकार द्वारा दिए जा रहे मुफ्त राशन का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। बागपत जनपद में सैकड़ों कार्डधारक ऐसे पकड़े में आए हैं, जो रहते यूपी में है, लेकिन दिल्ली, पंजाब सहित अन्य राज्यों से आ रहे राशन से पेट भर हैं। आपको सुनकर थोडा अजीब जरूर लगेगा, लेकिन यह बात सौ आने सच है। जनपद के सैकड़ों कार्डधारक ऐसे पकड़े में आए हैं, जो रहते यूपी यानी बागपत में है, लेकिन उनका मुफ्त का राशन दिल्ली, पंजाब सहित अन्य राज्यों से आ रहा है। यानी हर माह जनपद के तकरीबन 3500 कार्डधारक दो-दो राज्यों से राशन लेकर पेट भर रहे है। इसका खुलासा केन्द्रीय भंडारण प्रणाली में हुआ है। इनमें से 1200 से अधिक राशनकार्ड ऐसे हैं जिन्हें सरेंडर कराने के लिए चिह्नित भी कर लिया गया है। उधर मामला उजागर होने पर विभागीय अफसरों ने सूची तैयार कर ली है। जल्द ही सूची शासन को भेजी जाएगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत प्रति माह गरीब परिवार को निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है। कोविड संक्रमण कॉल में सरकार ने राशन कार्ड बनाने में नियमों को शिथिल कर पात्रों को लाभांवित करने की कोशिश की। जनपद में परिवार के नाम बने कार्ड में नाम शामिल होने के बावजूद दूसरे प्रांत (राज्य) यानी हरियाणा, सोनीपत, दिल्ली, उत्तराखंड, बिहरा, झारखंड में भी राशनकार्ड बनवाकर राशन लेने का मामला आया है। केंद्रीय भंडारण प्रणाली ने जिले के ऐसे 3500 लोगों को चिह्नित किया है। बागपत के अलावा अन्य राज्य में दो जगह नाम होने के साथ जानबूझकर राशन लिया जा रहा है। परिवार का एक सदस्य एक राज्य तो दूसरा दूसरे राज्य में होना पाया गया है। कॉमन यूनिट का दो जगह राशन निकलने से बड़ी तादाद में सरकारी राशन में धांधली उजागर हुई है। केंद्रीय भंडारण प्रणाली ने लिंक हुए यूनिटों के आधारकार्ड से जिले में हो रही सरकारी राशन की लूट को पकड़ा है। ऐसे में 1200 राशनकार्ड में तो सीधे तौर पर डुप्लीकेसी पकड़ी गई है। समूचे देश के राशनकार्डों का डेटा यहां विधिवत जुटाया गया।

# बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक की लहर

## उनके जाने से गहरा दुख हुआ: पीएम मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बिशन सिंह बेदी ने 77 साल की आयु में अंतिम सांस ली। बेदी ने भारत के लिए 67 टेस्ट और 10 वनडे खेले थे। इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने क्रमश- 266 और सात विकेट लिए थे। बेदी के निधन से क्रिकेट जगत को बड़ा नुकसान हुआ है। भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन सोमवार (23 अक्तूबर) को हो गया। उन्होंने 77 साल की आयु में अंतिम सांस ली। बेदी ने भारत के लिए 67 टेस्ट और 10 वनडे खेले थे। इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने क्रमश- 266 और सात विकेट लिए थे। बेदी के निधन से क्रिकेट जगत को बड़ा नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ-साथ कई बड़ी हस्तियों ने शोक जताया। वहीं, बीसीसीआई ने कहा कि पूर्व कप्तान के निधन से बड़ी क्षति हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेदी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा, प्रसिद्ध क्रिकेटर श्री बिशन सिंह बेदी जी के निधन पर गहरा दुख हुआ। खेल के प्रति उनका जुनून अटूट था और उनके अनुकरणीय गेंदबाजी प्रदर्शन ने भारत को कई यादगार जीतें दिलाई। वह क्रिकेटरों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं।

**अमित शाह बोले- हमारी यादों में जीवित रहेंगे**

अमित शाह ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, महान स्पिनर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। बेदी जी न केवल क्रिकेट जगत में अपने योगदान के कारण बल्कि पिच पर जादू बिखेरने वाले कुशल गेंदबाजी के उस्ताद के रूप में भी हमारी यादों में जीवित रहेंगे। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के सदस्यों और उनके प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

**मैदान के अंदर और बाहर उनका व्यक्तित्व आकर्षक था- सुखविंदर सिंह सुक्खू**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा, भारत के सर्वकालिक क्रिकेट दिग्गजों में से एक बिशन सिंह बेदी नहीं रहे। वह एक उत्कृष्ट स्पिन गेंदबाज और प्रसिद्ध चौकड़ी के सदस्य थे। मैदान के अंदर और बाहर उनका व्यक्तित्व आकर्षक था। वह हर समय निडर होकर अपनी बात कहते थे। उनके साथ बातचीत हमेशा रोमांच होती थी। वह हमारे दिल और दिमाग में बसे रहेंगे।

### बीसीसीआई ने क्या कहा?

बीसीसीआई ने बेदी के निधन पर दुख जाहिर किया है। उसने लिखा, बीसीसीआई ने भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान और महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### उनके योगदान को याद रखा: अनुराग ठाकुर

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने लिखा, भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान और मैदान पर उनकी कलात्मकता को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### क्रिकेट के लिए बड़ी क्षति: इरफान पठान

इरफान पठान ने भी उनके निधन पर शोक जाहिर किया। इरफान ने लिखा, हमारे सर्वश्रेष्ठ में से एक बिशन सिंह बेदी अब नहीं रहे। यह हमारी क्रिकेट बिरादरी के लिए क्षति है। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

## खरगे के फोन कॉल के बाद बदले सपा नेताओं के तेवर

एजेंसी



**लखनऊ।** मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब रुकने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे के फोन कॉल के बाद सपा नेताओं के तेवर बदल गए हैं। मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब रुकने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे के फोन कॉल के बाद सपा नेताओं के तेवर बदल गए हैं। कल तक कांग्रेस को कोसने वाले नेता अब इस बारे में बात करने से बच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पहले राहुल गांधी ने अपना संदेश अखिलेश को पहुंचाया। फिर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने खुद ही अखिलेश से बात की। ऐसा माना जा रहा है कि मप्र में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो सकता है। सपा के एक नेता नाम ना छापने की शर्त पर कह रहे हैं कि पार्टी ने भले ही मप्र में सीटें घोषित कर दी हों लेकिन यदि गठबंधन होता है तो हम अपने प्रत्याशी वापस ले लेंगे। अभी नाम वापस लेने का विकल्प खुला हुआ है।

**राम गोपाल बोले कमलनाथ मेरे दोस्त**

बीते दिनों कमलनाथ का एक बयान वायरल हो रहा था। इस बयान में कमलनाथ यह कहते दिख रहे थे कि कौन अखिलेश वखिलेश। इस बयान को सपा प्रमुख ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद उनकी तरफ से तल्ख टिप्पणी भी आई थी। सपा के नेता भी इस बयानबाजी में कूद पड़े थे। अब इस मसले को ठंडा करने की कोशिशें हो रही हैं। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि कमलनाथ तो मेरे दोस्त हैं। उनसे किसी प्रकार की खटास नहीं है। मालूम हो कि राम गोपाल यादव अखिलेश के करीबी हैं।

**चल रही है बैठक**

मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सोमवार को लखनऊ के प्रदेश के मुख्यालय में बैठक चल रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दखल देने के बाद पार्टी नए सिरे से मप्र के हालातों पर विचार कर रही है। संभव है कि सोमवार की शाम ही इस पर कुछ फैसला हो जाए।

**शुरू में सपा ने मांगी थी 6 सीटें**

मध्य प्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर काफी समय से वार्ता चल रही थी। शुरुआती बातचीत इंडिया गठबंधन में सपा के प्रतिनिधि जावेद अली खान ने की। इसके बाद साझेदारी पर बातचीत की कमान सपा की ओर से प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस की ओर से रणदीप सुरजेवाला ने संभाली। दोनों के बीच कई राउंड बातचीत हुई। सपा नेतृत्व को बताया गया कि नवरात्र में कांग्रेस की ओर से आने वाली पहली सूची में ही सपा प्रत्याशियों के नाम भी होंगे।

# राज्य स्तरीय कार्यशाला में हरदोई से महिला शिक्षिका सहित तीन चयनित

द अचीवर टाइम्स निखिल मिश्रा



**लखनऊ हरदोई।** बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ एवं मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा प्रादेशिक शिक्षक समागम अलीगढ़ 2023 को राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसमें निपुण कार्य योजना व विभिन्न प्रतियोगिताओं पर चर्चा की जाएगी सभी जनपद अपनी अपनी प्रस्तुति 26 एवं 27 अक्टूबर 2023 को बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ एवं मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा प्रादेशिक शिक्षक समागम अलीगढ़ 2023 को राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें विभिन्न कार्ययोजनाओं तथा प्रतियोगिताओं पर चर्चा की जाएगी सभी जनपद अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे जनपद हरदोई से तीन उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रस्तुतीकरण हेतु चयनित किया गया है।शमा परवीन सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर विकास क्षेत्र मल्लावां,दीपक कुमार दीक्षित सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय खांडाखेड़ा,विकाश क्षेत्र कछौना तथा योगेश तिवारी सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नारायनदेव कछौना हरदोई 26 एवं 27 अक्टूबर को कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर अलीगढ़ में उपस्थित होकर मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के समक्ष अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।चयनित विद्यालय उ.प्रा.वि.अकबरपुर में पिछले वर्ष 4 और इस वर्ष 2 छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए हैं।कविता,कहानी लेखन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कला साहित्य तथा अन्य क्षेत्रों में भी बच्चे सराहनीय कार्य कर रहे हैं।मिशन शिक्षण संवाद द्वारा प्रत्येक वर्ष राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाती है जिसमें उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को प्रस्तुतीकरण हेतु चयनित किया जाता है एवं उन्हें सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभाग करने के दौरान शिक्षकों को अन्य जनपदों में चल रही योजनाओं / गतिविधियों/ नवाचारों के विषय में भी पता चलता है एवं अन्य जनपद शिक्षा को उत्कृष्ठ बनाने हेतु क्या क्या कार्य कर रहे हैं इनसे भी उनका परिचय होता है, जिससे कि वह अपने जनपद में आकर उन्हें लागू कर सकते हैं। मिशन संवाद स्वप्रेरित स्वयंसेवी शिक्षकों का एक परिवार है जो की सात राज्यों में कार्य कर रहा है। मिशन शिक्षण संवाद का उद्देश्य शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान और मानवता का कल्याण के साथ साथ सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योजनाओं का क्रियान्वयन करना एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षकों अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए प्रोत्साहित करना है। मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा पढ़ाई से प्रतियोगिता तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें विद्यार्थियों को नवोदय, विद्याज्ञान, सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा श्रेष्ठा, यशस्वी योजना जैसी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी ऑनलाइन लाइव क्लास, वर्कशीट आदि द्वारा कराई जा रही है। स्वयंसेवी, स्वप्रेरित शिक्षकों की टीम द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पाठ्य सामग्री को तैयार कर विद्यार्थियों तक पहुंचा रहे हैं।

## वेबसाइट पर नहीं शिक्षकों के नाम, कैसे हो पहचान

**लखनऊ।** लविवि से सहयुक्त निजी महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पता ही नहीं है कि जो शिक्षक उनको पढ़ा रहा है, वह अर्ह है या फिर नहीं। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि कई कॉलेजों में अनुमोदन किसी शिक्षक का कराया जाता है और पढ़ाने के लिए नाममात्र के वेतन पर अनर्ह शिक्षकों को रखा जाता है। इसी को देखते हुए विवि को कॉलेज के सभी शिक्षकों का डाटा वेबसाइट पर जारी करने का निर्देश जारी किया गया है, लेकिन इस समय लविवि की वेबसाइट पर इस समय कोई सूची अपलोड नहीं है। लविवि के नियमों के अनुसार, कॉलेज में पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता परखने के बाद लविवि उनका अनुमोदन करता है। अनुमोदन से पहले लविवि के गेस्ट हाउस में उनका साक्षात्कार होता है। इसके बाद ही शिक्षकों को रखा जाता है। अनुमोदित शिक्षक ही महाविद्यालय में पढ़ा सकते हैं। अनुमोदन नियमित होता है। इसलिए शिक्षक एक साथ दो कॉलेज में नहीं पढ़ा सकता।

# फिल्म मंडली के कलाकार पहुंचे लखनऊ

❖ रामलीला के बदल रहे स्वरूप पर फिल्म के कलाकार करेंगे बातचीत।

संवाददाता




**लखनऊ।** दशहरे के मौके पर रामलीला के थीम पर बनी फिल्म मंडली की टीम लखनऊ में फिल्म और रामलीला के किरदारों पर परिचर्चा करने पहुंची। इस वार्ता की शुरुवात पूर्व डिप्टी सीएम श्री दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद ने सॉन्ग का शुभारंभ कर की। इसके बाद फिल्म की स्टार कास्ट श्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। पैडमैन और केसरी जैसी बड़ी फिल्मों में अभिनय कर चुके राकेश चतुर्वेदी ओम के निर्देशन में बनी फिल्म मंडली नवरात्र के बीच चर्चा में है। हर वर्ष छोटे शहरों में होने वाली रामलीला के दौरान आयोजकों द्वारा अपने वित्तीय लाभ के लिए कराए जाने वाले अश्लील नृत्य जैसे विषय पर फिल्म की पटकथा आधारित है। आगामी 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में यह रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अभिनेता रजनीश दुग्गल, अभिषेक दुहान, आंचल मुंजाल, और बृजेंद्र काला मुख्य भूमिका में है। रेल्टिक पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को प्रशांत कुमार गुप्ता, गीतिका गुप्ता और नीटू सबरवाल ने निर्माण किया है। फिल्म में विनीत कुमार, कंवलजीत सिंह, अलका अमीन, अश्वथ भट्ट, सहर्ष शुक्ला और नीरज सूद जैसे कलाकार भी रामलीला के मंच के पीछे के परदे को उठाते नजर आएंगे।

फिल्म के विषय को लेकर निर्माता प्रशांत बताते हैं कि,÷ फिल्म की कहानी कुछ ऐसे कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है जो रामलीला मंडली में काम करते हैं। धर्म ग्रन्थ रामायण के किरदारों को कलाकार मंडली अपनी कला से समाज के बीच प्रदर्शित करती है। फिल्म के विषयवस्तु में रामायण में आस्था, समाज के शक्तिशाली लोगों के बीच संघर्ष और दर्शकों के आकर्षण को बनाने के लिए अश्लील नृत्यों का समावेश व्यक्तिगत लाभ के करने पर केंद्रित है। जहां रामलीला में परदे के पीछे का शोषण भी है तो दूसरी ओर फिल्म मंडली शक्ति और विश्वास को दर्शकों के सामने लेकर आती है। यह प्रेस वार्ता यूपी प्रोडक्शन व ब्लू प्रोडक्शन द्वारा की गई।

## एक नज़र

### भीखपुर में मजलिस-ए-चेहलुम 29 अक्टूबर को

संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीखपुर-ताजपुर में मरहूम ख्वाजा मुजाहिद हुसैन इब्ने ख्वाजा मुर्तुजा हुसैन की चेहलुम की मजलिस अगामी 29 अक्टूबर को सुबह से आयोजित होगी। आयोजक ख्वाजा मेहदी अब्बास ने बताया कि पहली मजलिस 10 बजे मौलाना सैय्यद मोहम्मद सकलैन बाकरी लखनऊ तथा 11बजे हाफिज मौलाना सैय्यद जैगमुल गरवी दिल्ली संबोधित करेंगे। पेशखानी ख्वाजा मोहम्मद फैजान, सोजखानी कासिम मेहदी व हमनवा करेंगे। जबकि संचालन का उत्तरदायित्व इंतेजार मेहदी संभालेंगे।

### आर्यन चौधरी न्यूयार्क में बुधवार को करेंगे पेपर प्रेजेंट

संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जनपद के मेधावी छात्र आर्यन चौधरी संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयार्क में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे जो जिले के लिए गर्व का विषय है। जलालपुर तहसील के ग्राम मैनुद्दीनपुर निवासी आर्यन चौधरी आईआईटी दिल्ली के एमटेक (सीएस) के अंतिम वर्ष के छात्र हैं। वह बुधवार को न्यू पालट्ज़, न्यूयार्क में अपना शोध पत्र टुवर्ड्स ऑन डिवाइस की-बोर्ड स्पॉटिंग यूसिंग लो फुटप्रिंट क्वटेर्नियन न्यूरल मॉडल आईई सिग्नल प्रोसेसिंग सोसाइटी द्वारा आयोजित कांफ्रेंस में प्रस्तुत करेंगे। ज्ञातव्य है कि आर्यन चौधरी के पिता प्रोफेसर ओम प्रकाश चौधरी वाराणासी स्थित श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष हैं। बताया गया कि उक्त कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए आर्यन चौधरी न्यूयार्क पहुंच चुके हैं।

### रात्रि जागरण के साथ मनमोहक झांकिया दिखाई



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** क्षेत्र के मुरारपुर में 28 वें नवदुर्गा पूजन महोत्सव के आयोजन में रविवार की रात्रि अयोध्या धाम से आई जय मां ज्वाला जागरण परिवार अंजू झांकी ग्रुप द्वारा रात्रि जागरण के साथ मनमोहक झांकिया दिखाई गई जिसकी लोगो ने भूरि भूरि प्रशंसा की। क्षेत्र के मुरारपुर गाव में मातारानी दुर्गा प्रतिमा की झांकी विगत 28 वर्षो से नित्य वर्ष विविध कार्यक्रम करके क्षेत्र और ग्रामीणों को भक्त विभोर किया जा रहा है। आयोजित झांकी ग्रुप द्वारा सबसे पहले भगवान गणेश की आराधना झांकी के मध्यम से करके जागरण कार्यक्रम की शुरुआत की।जागरण में आये कलाकारों द्वारा जहां गीतों के माध्यम से आराधना की गई वही विभिन्न झांकियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरी रात्रि मां का जगराता और भक्ति गीत से मातारानी की महिमा का गुड़गान होता रहा। कार्यक्रम के पूर्व नई युवा समिति ने 28 वर्ष पूर्व नव दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत करने वाले समिति के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान समिति के तुंगनाथ सिंह,राकेश सिंह मुन्ना,बृजेश श्रीवास्तव, राज कुमार सिंह, शिव शंकर तिवारी, नवीन सिंह,महेश तिवारी, निखिल सिंह,सावन सिंह,सजल श्रीवास्तव, सफल श्रीवास्तव, माधुरी शरण, राम शंकर सहित अन्य समिति के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बसपा मजबूत संगठन के बूते लड़ेगी लोकसभा चुनाव




द अचीवर टाइम्स नरेंद्र कुमार

**लखनऊ।** लखनऊ जिले की मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र 168 के सैदापुर चौराहे पर स्थित खुशहाल दास मोंटेसरी इंटर कॉलेज सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कैडर कैम्प व विधानसभा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि बसपा अपने नीति कार्यक्रम और मजबूत संगठन के बूते पर लोकसभा चुनाव जीतेगी। विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं को जीत की रणनीति की जानकारी देते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आयें और बहन जी पर पूरा भरोसा रखें। बसपा की सरकार बनने पर गरीबों, दलितों-पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यकों और सर्व समाज का भला होगा। उन्होंने बूथ स्तर पर मजबूती से डटे रहने का जोर दिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी ताकत से निभाएं। साथ ही यह भी कहा कि में हर वर्ग के लोगों कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान है। इस मौके पर उपस्थित रहे सत्य कुमार गौतम जगदीश रावत व अन्य बी एस पी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद अशफाक उल्लाह खां को जन्मदिवस पर किया गया शिद्दत से याद

संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जंगे आजादी के महान नायक शहीद अशफाक उल्लाह खां को जन्मदिवस पर शिद्दत से याद किया गया। कस्बा जलालपुर सराय चौक स्थित शहीद अशफाक उल्लाह खां की स्मृति में गोष्ठी का आयोजन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था केयर इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम में समाज की विभिन्न हस्तियों ने प्रतिभाग कर अमर शहीद अशफाक उल्लाह खां के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनमें शिक्षाविद, सामाजिक, व्यापारिक, राजनीतिक शामिल थे। संस्था के संरक्षक कारी गुलाम यासीन तथा अध्यक्ष मोहम्मद इसहाक अंसारी के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आजादी के दीवाने अशफाक उल्लाह खां ने युवावस्था में भारत की स्वतंत्रता की खातिर हंसते हुए फांसी के फंदे को गले लगा लिया था। यह तथ्य नौजवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नरेंद्र देव इंटर कालेज के प्रवक्ता रवींद्र कुमार ने कहा कि मात्र 27 साल की आयु में अशफाक उल्लाह खां को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। आज के युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन उदाहरण है कि जब भी राष्ट्र पर संकट आए तो अस्मिता की रक्षा हेतु कुछ भी कर गुजरना चाहिए। समाज सेवी अबुशहमा ने कहा कि हम सभी को राष्ट्रीयता को सर्वोपरि रखना चाहिए यही शहीद अशफाक उल्लाह खां का संदेश है। अयाज जलालपुरी, अनीस अहमद आदि ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में सरफराज आलम, अली अहमद, मोहम्मद आलम, अब्दुल्लाह सुहेल, मोहम्मद ओसामा आदि उपस्थित थे।

## जेल में बंद आसाराम से भी ठगे थे 50 लाख

**लखनऊ।** केंद्रीय गृहमंत्री का निजी सचिव बन प्रॉपर्टी डीलर व उनके भाई से 85 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह ने दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे आसाराम को भी पैरोल दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये का चूना लगाया था। ये गिरोह राजस्थान, यूपी, झारखंड, बिहार व अन्य कई राज्यों में 500 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। अब लखनऊ पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में है। सूत्रों के मुताबिक जून 2019 में राजस्थान पुलिस ने नितिन और शिखा को गिरफ्तार किया था। तब खुलासा हुआ था कि नितिन ने जेल में बंद आसाराम को पैरोल दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये ठगे थे। उसने चार बार जेल में जाकर आसाराम से मुलाकात भी की थी। खुद को कानून मंत्रालय का सलाहकार बताकर ये खेल किया था।

# पंच कुंडीय पूर्णाहुति गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया

संवाददाता



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि को गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट पर पंच कुंडीय पूर्णाहुति गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की। नवरात्रि के प्रथम दिन गायत्री परिवार से जुड़े परिजनों ने 24 हजार गायत्री मंत्र के जप अनुष्ठान का संकल्प लिया था वहीं कई परिजनों ने गायत्री मंत्र लेखन,गायत्री चालीसा पाठ जैसे अनुष्ठान किए थे जिसका आज पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ शिवाकांत त्रिपाठी ने यज्ञ प्रक्रिया संपन्न कराई। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार को नवरात्र का अंतिम दिन होने के कारण देवी भक्तों ने हवन कराया तथा कन्या भोज कर कर नौ दिनों से चल रहे व्रत को संपन्न किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा समारोह की भी धूम मची हुई है बनी कोडर सुमेरगंज भिटरिया ताला जेठवनी वजीऊद्दीनपुर कोटवा सड़क सहित तमाम स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां पूजन कीर्तन का क्रम जारी है। इन प्रतिमाओं को विजयदशमी के दिन कल्याणी नदी में विसर्जित किया जाएगा।

## हल्दी की पैदावार में बाधक है कोलेटोट्रिकम सियामेंस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने हल्दी की फसल पर रोगजनक कवक, कोलेटोट्रिकम सियामेंस के कारण पत्ती धब्बा रोग का पहला मामला दर्ज किया है। यह हल्दी की फसल की पैदावार को प्रभावित करने के साथ ही बीमारियों का कारक बन सकती है। पीएचडी शोधकर्ता, रामानंद यादव और प्रो. अमृतेश चंद्र शुक्ला के रिसर्च पेपर ब्रिटिश सोसाइटी फॉर प्लांट पैथोलॉजी जर्नल 'न्यू डिजीज रिपोर्ट्स' में इस उभरते खतरे के लक्षणों को रेखांकित किया है। इस रोग के लक्षण पत्तियों की ऊपरी सतह पर छोटे-छोटे धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। धीरे-धीरे, पत्तियां भूरे रंग के अनियमित धब्बों के साथ पीली हो जाती हैं, जिससे पौधे में

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया

**काकोरी लखनऊ।** पारा में थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रोड पर पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मोहल्ला चौपटिया थाना सहादतगंज निवासी पुनीत 24 अपने परिवार के साथ रहता था। परिजनों के मुताबिक रविवार की सुबह काम से निकला था। वापस आते समय बुद्धेश्वर चौराहा के पास पुल के नीचे तभी रोड पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पुनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भिजवाया। जहां देर रात इलाज के दौरान पुनीत की मौत हो गई। वहीं प्रभारी निरीक्षक पारा श्रीकांत राय नें बताया कि परिजनों के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

# उत्तराखंड के खटीमा में एक और छोटू महाराज सिनेमा का उद्घाटन

## उत्तराखंड के खटीमा में डोम आकार के अनूठे छोटू महाराज सिनेमा का आग़ाज़

**शुभारम्भ**

उत्तराखंड के खटीमा में छोटू महाराज सिनेमा ने दी दस्तक, स्थानीय लोगों में ख़ासा उत्साह

संवाददाता




**खटीमा (उत्तराखंड)।** देश के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक उत्तराखंड में अब एक और छोटू महाराज सिनेमा खुल गया है। हाल ही में राज्य के खटीमा में डोम के आकार के एक और सिनेमाघर के खुलने से स्थानीय सिने-प्रेमियों में ख़ासा उत्साह देखा जा रहा है। जुनेजा परिवार इसे स्थानीय लोगों को समर्पित किया। खटीमा स्थित छोटू महाराज सिनेमा फ़्रेंचाइज़ी के मालिक श्री अक्षित जुनेजा ने इस अनोखे बनावट वाले सिनेमा को स्थानीय जनता को समर्पित करते हुए कहा कि खटीमा के लिए इस तरह के सिनेमाघर का निर्माण किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। के सरा सरा ग्रुप की पहचान एक नामी फ़िल्म निर्माण, वितरण व फ़िल्म प्रदर्शन कंपनी के रूप में होती है। यह एक अग्रणी 360 डिग्री मीडिया एवं एंटरटेनमेंट कंपनी है जो जल्द ही देश भर में 9000 से अधिक छोटू महाराज सिनेमा खोलने का इरादा रखती है। इनमें कुल 125 सिनेमाघर सिर्फ़ उत्तराखंड राज्य में ही खोले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि कंपनी पहले से ही हरिद्वार और रानीपोखरी जैसी जगहों पर इस तरह के सिनेमाघरों को सफलतापूर्वक चला रही है. कंपनी ने राज्य के अन्य 16 जगहों पर भी ऐसे सिनेमाघरों के निर्माण की तैयारी दिखाई है। इस मौके पर के सरा सरा के सीईओ श्री क्लायड मोंटेरियो ने कहा, दुनिया के मुक़ाबले भारत में स्क्रीन्स की काफ़ी कमी है। ऐसे में कंपनी ने? साल 2018 में पायलट परियोजना के तौर पर छोटू महाराज सिनेमा की शुरुआत करने की पहल की थी। कम्पनी का उद्देश्य देश भर के 2 टियर और 3 टियर शहरों, तहसीलों व तालुकाओं में सिनेमाघरों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना और वहां के स्थानीय निवासियों को सिनेमा देखने के अनुभव को और समृद्ध बनाना है। उल्लेखनीय है कि इस तरह के सिनेमाघरों में रूचि रखने वाले नये साझेदारों को 45 से 50 लाख रुपये निवेश के तौर पर देने होते हैं। इग्लू आकार के इन डोम सिनेमाघरों में सराउंड साउंड और तीनों तरफ़ पसरे स्क्रीन पर फ़िल्म देखने की व्यवस्था है जो दर्शकों के सिनेमा देखने के अनुभव को और भी समृद्ध बनाते हैं। के सरा सरा के निदेशक (सेल्स) श्री समीर के सोमैया ने कहा कि अपनी स्थापना के दिनों से अब तक छोटू महाराज सिनेमा में देश भर के लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग रूचि दिखा चुके हैं और राष्ट्रीय व्यापी स्तर पर अब तक 450 से ज़्यादा फ़्रेंचाइज़ संधियों पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं। 40 फ़ुट से 50 फ़ुट तक के डोम आकार के इन अनूठे सिंगल स्क्रीन्स में 100 से लेकर 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था होती है। सीनियर एक्ज़ीक्यूटिव श्री कौशल करोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि डोम आकार के इस दर्शनीय सिनेमाघर का निर्माण 'FRP' के इस्तेमाल से किया गया है और इस सिनेमाघर को पूरी तरह से सुरक्षा के लिहाज़ से निर्मित किया गया है। मॉड्यूलर आकार होने के चलते इसे एक जगह से दूसरी जगह पर आसानी से स्थानांतरित भी किया जा सकता है। ग़ौरतलब है कि के सरा सरा लगभग दो दशक से मीडिया और मनोरंजन जगत में सक्रिय कंपनी है। उनके द्वारा बनाई गई प्रमुख फ़िल्मों में 'सरकार', 'सरकार राज', 'पार्टनर', 'गोलमाल' और 'अब तक छप्पन' जैसी सशक्त, मनोरंजक और चर्चित फ़िल्मों का शुमार है। इतना ही नहीं, कंपनी? की ओर से अब तक 100 से अधिक ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों का वितरण भी किया जा चुका है। कंपनी की पहचान देश के सबसे बढ़े डिजिटल सेवा प्रदाता के तौर पर भी होती है। उसकी ओर से मुहैया कराई जाने वाली टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल दुनिया भर में फ़ैले उसके साझेदार एक अर्से से करते आ रहे हैं। अब डोम आकार के अनूठे सिनेमाघर के निर्माण से कंपनी एक बार फिर से चर्चा में है। कंपनी की ओर से की गई यह पहल ज़मीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने की कोशिश है। इतना ही नहीं, सिनेमाघर में टिकटों के दाम भी किफ़ायती रखे गये हैं ताकि अधिक से अधिक सिने-प्रेमी अपनी पसंदीदा फ़िल्मों का लुत्फ़ उठा सकें। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि खटीमा में स्थित छोटू महाराज डोम सिनेमा एक ख़ूबसूरत राज्य के तौर पर जाने जाने वाले उत्तराखंड राज्य में एक बार फिर से चार चांद लगा रहा है।

# राप्ती नदी की कटान से ग्रामीण भयभीत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



संवाददाता

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)।** विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला निवासी प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव , रामनरेश, सहजराम, रियाज, जंगबहादुर, बड़कऊ उस्मान आदि पिछले दिनों लोगो ने प्रदर्शन करके बताया है। कि ग्राम पंचायत बेला में राप्ती नदी की कटान खेतों की तरफ तेज हो गयी है । ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पूर्व हुई बारिश से राप्ती नदी में बाढ़ आने से नदी की कटान बेला गांव के पश्चिम और दक्षिण तरफ नदी कटान करके खेतों की तरफ बढ़ रही है ।जिसको लेकर ग्रामीण में डर का माहौल बना हुआ है। बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन करके शासन स्तर से नदी कटान के रोकथाम कराए जाने की मांग जिला अधिकारी से की है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एक महीने पूर्व बाढ़ खंड के अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था ।और आश्वासन भी दिया था कि जल्द ही नदी कटान रोकने की प्रक्रिया की जाएगी। बावजूद इसके अभी तक कटान रोकने की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

## पीटीसी इंडस्ट्रीज की कैंपस ड्राइव में 50 मे से 15 छात्र चयनित



द अचीवर टाइम्स रजनीश कुमार

**बीकेटी लखनऊ।** बख्शी तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के परिसर मे सोमवार को पीटीसी इंडस्ट्रीज द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रो के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें पीटीसी इंडस्ट्री अपनी उन्नाव की विशिष्ट शाखा के लिया चयन हेतु आई थी जो की डिफेंस कॉरिडोर के लिए कार्य कर रही है। कई चरणबद्ध चयन प्रक्रिया से छात्रों का चयन किया। इस चयन प्रक्रिया में रोहित (प्रमुख मानव संसाधन मैनेजर) ने बताया कि पीटीसी इंडस्ट्री भारत में टाइटेनियम संवर्धन एवं फाउंड्री मोल्डिंग से संबंधित कार्य कर रही है जिसमें विश्व की बहुत सी कंपनी उनको इस कार्य हेतु प्रोजेक्ट्स उपलब्ध कराती है। एचआर मैनेजर अजहर एवं पवन वर्मा ने पीटीसी इंडस्ट्री द्वारा किए जा रहे कार्य जैसे एशिया की सबसे बड़ी सीएनसी मशीन, जिसमें 8.5 एक्स तक किसी 3ष्ठ प्रतिलिपि को किया जा सकता है। इस चयन प्रक्रिया में 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 15 छात्र चयनित किए गए इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान (एमएलसी) ने चयनित छात्रों से कहा की जीवन में सौभाग्य एक बार आपको दस्तक देती है यदि आप इस आवाज को सुन लेते हैं तो आपका भविष्य उज्जवल होता है। पीटीसी इंडस्ट्री की यह अवसर आपके लिए एक दस्तक जैसा ही है। इसलिए बड़ी मेहनत से ज्वाइन करके अपने गुरुजनो ,माता-पिता एवं अपने इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम रोशन करें, तथा आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा आगामी त्यौहारों के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पैदल गस्त की गयी-



द अचीवर टाइम्स संवाददाता।

आज दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न पूजा पंडाल में जाकर पूजा समिति के सदस्यों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही आगामी त्यौहारों के अवसर पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चौराहा, कैनाल रोड, घण्टाघर, सुपर मार्केट, बस स्ट्रैण्ड, कहारों का अड्डा, पुलिस लाइन चौराहा व अन्य प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ आमजनमानस से वार्ता करते हुए पैदल गश्त की गयी। स्थानीय पुलिस को भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा मुख्य मार्गों, चौराहों, सर्राफा मार्केट, रेलवे स्टेशन/बस स्टैण्ड आदि पर विशेष अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित भारी पुलिस बल पैदल गस्त में मौजूद रहे।

## बड़ी संख्या में छात्रों में लगी बैक, परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर छात्राओं में भारी आक्रोश, दर दर भटक रहें छात्र

### एक बार रिजल्ट जारी होने के बावजूद, दोबारा किया जाता है अपडेट, आखिर क्यों ?




छ.शा.जी. म. विश्वविद्यालय, कानपुर
आरोह तमसो ज्योतिः
C.S.J.M. UNIVERSITY, KANPUR

द अचीवर टाइम्सः निखिल मिश्रा

**हरदोई।** छात्र छात्राएं अपने भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर छात्राओं में भारी आक्रोश है। कानपुर यूनिवर्सिटी में फिर से छात्रों का फेल होने का और बैक लगने का सिलसिला सामने आया है. बीएससी एजी परीक्षा परिणाम में आधे से ज्यादा छात्रों में बैक लग गई है और बहुत से छात्र फेल हो गए हैं. इस मामले के बाद छात्रों में आक्रोश बना हुआ है। आपको बता दें कि श्री रामपाल महाविद्यालय अतरौली बहेरिया हरदोई में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी के चलते छात्राओं का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कानपुर यूनिवर्सिटी (csjmu) ने बीएससी सिक्स सेमेस्टर की बहुविकल्पीय परीक्षा हुई थी और परिणाम कुछ दिन पहले जारी किए हैं इसमें आधे से ज्यादा अभ्यर्थीयों में बैक लगा दी गई। इसके पहले 5th सेमेस्टर का रिजल्ट जारी हुआ था जिसमें लिखित परीक्षा हुई हुई थी। कई छात्रों को 1,8,10,12 नंबर मिले थे छात्रों ने कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है कानपुर यूनिवर्सिटी गड़बड़ी के मामले में हमेशा विवादों में रहा है।

**परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों ने लगाए आरोप.**

छात्र-छात्राओं ने बताया कि बैक पेपर भरने के बावजूद ऑफलाइन रिजल्ट जारी किया जाता है। कॉलेज में ?500 देने पर अपडेट किया जाता है रिजल्ट क्यू ऑनलाइन नहीं जारी होता रिजल्ट। कानपुर यूनिवर्सिटी एक बार रिजल्ट जारी करता है उसमें बैक दिखा देता है बाद में कुछ दिन बाद रिजल्ट अपडेट किया जाता है उसमें पास कर दिया जाता है।

## एक नज़र

### बछरावां का ऐतिहासिक दशहरा मेला 26 अक्टूबर से प्रारंभ
### मेले के प्रथम दिन कवि सम्मेलन का होगा आयोजन



द अचीवर टाइम्स संवादाता

**बछरावां रायबरेली।** कस्बे के मेन चौराहे पर स्थित रफी अहमद किदवई पार्क इंडोर स्टेडियम में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाला बछरावां का ऐतिहासिक 89वां पंचदिवसीय विशाल दशहरा मेला अपनी पूरी भव्यता के साथ 26 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए दशहरा मेला कमेटी के प्रबंधक शशिकांत मिश्रा ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया कि 26 अक्टूबर को कवि सम्मेलन के साथ इस मेले का शुभारंभ किया जाएगा, तत्पश्चात 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक अनवरत न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला अभिनय कमेटी बछरावा के द्वारा ड्रामा का मंचन किया जाएगा, जबकि 29 अक्टूबर दिन रविवार को भव्य विराट दंगल का आयोजन होगा, इसके अतिरिक्त 30 अक्टूबर दिन सोमवार को रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम के तहत की संगीत का कार्यक्रम संपन्न होगा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस विशाल मेले से पूर्व आयोजन हेतु तैयारियां बड़े ही जोर शोर से चल रहीं है, जिसके तहत बछरावां दशहरा मेला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नगर में भ्रमण कर सहयोग राशि प्राप्त करने का अभियान तेजी के साथ चलाया जा रहा है और नगर के सभी सम्मानित नागरिकों एवं व्यापारियों द्वारा इस ऐतिहासिक मेले के लिए भरपूर सहयोग प्रदान भी किया जा रहा है।

### पेट्रोल डालकर युवक को जिन्दा जलाया

द अचीवर टाइम्स संवादाता

**लखनऊ।** पड़ोस में रहने वाली महिला ने पेट्रोल डालकर युवक को जिंदा जला देने का प्रयास किया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहा पर ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय कॉलोनी का है जहां अनिल पांडे उम्र लगभग 40 वर्ष की आग लगने की वजह से गंभीर रूप से झुलस गया। आरोप पड़ोस में रहने वाली महिला रीमा पांडे के ऊपर लग रहे है। पीड़ित के भाई के अनुसार उसके भाई के ऊपर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया गया। पड़ोस में रहने वाली रीमा पांडे जो दीवानी न्यायालय में बाबू के पद पर कार्यरत है पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी को तीन दिनों से गायब किए हुए है आज सुबह जब अपनी पत्नी के बारे में पूछने के लिए उनके घर गया तो रीमा पांडे ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

### सीताहरण देखकर दर्शक हुए भाव विभोर



द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी

**मछरेहटा।** रामबाग में मेला कमेटी के द्वारा रामलीला का आयोजन करवाया जा रहा है। सोमवार को सीताहरण का मंचन किया गया। इस मंचन को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। श्रीराम लीला मंचन में रावण की बहन सूर्पनखा का लक्ष्मण द्वारा नाक काटने के बाद सूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार में पहुंचती है तथा रोते हुए बताती है कि दंडक वन में राम और लक्ष्मण नाम के दो राजकुमार आये हुए हैं और उनके साथ में राम की भार्या सीता भी है। जब मैं वहां घूमने गई तो उनमें से छोटे राजकुमार ने मुझसे छल करना चाहा, परंतु मेरे द्वारा विरोध करने पर उसने मेरे नाक-कान काट दिये। सूर्पनखा यह भी बताती है कि जब उसने यह बात खर और दूषण को बतायी तो राम ने उनकी समस्त सेना सहित खर-दूषण का वध कर दिया। इसके बाद रावण क्रोधित हो जाते हैं और मामा मारीच को सोने का हिरण बनाकर पंचवटी ले जाता है। सुंदर स्वर्ण हिरण को देखकर माता सीता श्रीराम से हिरण को पकड़कर लाने का आग्रह करती है। इसके बाद राम और लक्ष्मण वन में दूर चले जाते हैं और रावण अपनी बहन का बदला लेने के लिए ब्राह्मण का वेश धारण कर छल से सीता माता को उठाकर लंका की अशोक वाटिका में ले जाता है। इसके मुख्य अतिथि सीतापुर एम एल सी पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेला संरक्षक बीरपाल सिंह, मंच संचालन चहलू सिंह, शोभित सिंह, प्रधान मो रईस, शुशील शुक्ला, नवल चौधरी, सुधांशु अवस्थी, सत्य प्रकाश अवस्थी, शुभम अवस्थी,अनुपम अवस्थी, धीरू अवस्थी, आशुतोष त्रिपाठी, योगेश शुक्ला,राम लखन तिवारी, राम गोपाल मिश्रा, रजनीश मिश्र,आदि लोगो का मेला अध्यक्ष अंकित सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## पीजीआई में 16 वाँ विशाल मां भगवती जागरण आज




द अचीवर टाइम्स अनुराग तिवारी

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** पीजीआई व्यापार मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को 16 वाँ विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष व जागरण आयोजक दुर्गेश सिंह "दीपू" ने बताया कि जागरण की मुख्य गायिका बाम्बे से बालीवुड गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति देंगी। तो वही, भजन सम्राट राम कुमार लक्खा,लोक गायक दीपक त्रिपाठी भी शिरकत करेगे। महामाई की पवित्र ज्योति बीकेटी के कठवारा में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर से लाई जाएगी। जागरण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। मुख्य गायिका ने सुपरहिट फिल्मो जैसे राजा बाबू, जुड़वा, हीरो नंबर वन बीवी बार वन, कुली नंबर वन दिलजले जैसी जैसी कई फिल्मों में आवाज दी है। इसके अलावा दिल्ली के कलाकारों द्वारा झाकियों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति 4.0

द अचीवर टाइम्स संवादाता



**रायबरेली।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन "शक्ति दीदी" 4.0 के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर सशक्त जागरूक किया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु जनपद रायबरेली में उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद रायबरेली की मिशन शक्ति 4.0 अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती वन्दना सिंह के नेतृत्व मे थानों में नियुक्त महिला निरीक्षक उप-निरीक्षक, बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल गाँवों मोहल्लों के विद्यालयो, पंचायत भवन, में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैण्ड/बाजार/ गांव/ कस्बा/ स्कूल/ कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी के साथ-साथ साइबर अपराध व 01. निराश्रित विधवा पेंशन योजना 02. जननी सुरक्षा योजना 03. मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 04. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 05. बेटी बचाओ-बेटी पढाओ 06. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया ।

इस कार्यक्रम में महिलाओं/ बालिकाओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी । लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीडिता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के सम्बन्ध में तहसील व जिला स्तर पर भी विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी महराजगंज इन्द्र पाल सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना हरचंदपुर क्षेत्र अंतर्गत आस्तिक बाबा मंदिर का भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया है। थाना भदोखर पुलिस तथा मिशन शक्ति दीदी पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक भदोखर राजेश सिंह के नेतृत्व में मुंशीगंज पुलिस बूथ पर भंडारा एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को भोजन, फल, चॉकलेट, टिफिन बॉक्स, चुनरी एवं दक्षिणास्वरुप धन प्रदान किया गया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार संजय यादव एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कैडर कैंप में कार्यकर्ताओं और सैकड़ो लोगों का उमड़ा जन सैलाब..

द अचीवर टाइम्सः निखिल मिश्रा




**माल।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकासखंड माल क्षेत्र के अंतर्गत कल दिनांक 23.10,2023 दिन सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में 168 मलिहाबाद सु विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर मड़वाना में सेक्टर स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता कैडर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैडर कैंप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कैडर कैंप को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को बहुजन समाज पार्टी की नीतियां एवम माननीया बहन कुमारी मायावती की पूर्वार्ति की सरकार मे सर्व समाज के लिए विकास कार्य किए गए प्रदेश मे कानून का राज स्थापित किया उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आज प्रदेश मे कानून नाम का कोई डर नही रह गया है। बीजेपी सरकार मे थाना,चौकी,तहसील कार्यालय मे कर्मचारी सब के सब धन उगाही में जुटे हैं। सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अगर सच में देश और प्रदेश में अमन चैन चाहिए तो अब सभी कार्यकर्ता को आपसी भाईचारा कायम कर के बहन जी को 2024 मे इस देश का प्रधान मंत्री बनाना होगा। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राकेश गौतम एवम बृजेश चौधरी,जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गौतम, जिला महासचिव गोविंद पाल विधान सभा प्रभारी सत्य कुमार गौतम,सरवन गौतम,विधान सभा अध्यक्ष आलोक वर्मा,कमल यादव, रियाज अहमद राजू नेता, मुनीश राजा,अनीश राजा प्रधान,अंकित सानिया,डॉक्टर शैलेंद्र गौतम,दिनेश गौतम छोटू,सतेंद्र वर्मा,रामदिन पाल, रामदेव पाल,रमन गुप्ता,भीमसेन प्रधान, श्री कृष्ण प्रधान, बुद्धि लाल वीबीएफ, राम गोपाल मौर्य, संतोष कुमारी गुड्डी जिला पंचायत सदस्य,सत्रोघ्न भारती,निजाम मंसूरी, संतोष वर्मा,फिरोज भाई,सचिन गौतम,निरंजन प्रसाद लोधी,पुत्ती लाल वर्मा,गुड्डू लोधी,शिवबरन गौतम,बबली गौतम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता कैडर में उपस्थित रहे।

## रामलीला मंचन के कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने की शिरकत



द अचीवर टाइम्स संवादाता

**बछरावां रायबरेली।** विकासखंड की शेखपुर समोधा ग्राम सभा में विगत 23 वर्षो से अनवरत नवरात्र के शुभ अवसर पर नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा माता का जागरण एवं रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इस कार्यक्रम के आयोजन पर बीते रविवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने पहुंचकर माता के दरबार में पूजन अर्चन कर माथा टेका एवं रामलीला मंचन के कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा की इस क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश जी के द्वारा मुझे यह सूचना प्राप्त हुई की शेखपुर समोधा गांव में इस समय माता का जागरण एवं रामलीला के कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि शेखपुर समोधा से मेरा व्यक्तिगत नाता होने के कारण मैं अपने आप को रोक नहीं पाया और राकेश जी के आमंत्रण पर माता के दर्शन करने एवं रामलीला का मंचन देखने के लिए चला आया। इस मौके पर पूर्व प्रधान शिवाशंकर शुक्ल, कार्यक्रम की आयोजन समिति के सभी सदस्य गण, ग्रामवासीगण एवं दर्शक बंधु उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव को बताया आज की जरूरत



❖ **पर्यावरण, जल संरक्षण एवं आत्म निर्भर भारत के प्रति छात्रों को जागरूक करना जरूरी- पंकज तिवारी।**

द अचीवर टाइम्स संवादाता

**लखनऊ।** जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोसायटी आफ करियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एक प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर आगामी 22 से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाले विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के बारे में अवगत कराया। जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी ने संरक्षक विकास पांडेय एवं प्रदेश मन्त्री अजय यादव के साथ उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर बताया कि विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हुई है। विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी सामाजिक एवं देश की जिम्मेदारियां के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें पर्यावरण एवं जल संरक्षण एवं नशा मुक्त समाज के प्रति संकल्पित करते हुए तथा आप निर्भर भारत के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है और साथ ही साथ इस बात का भी प्रयास करना है कि विद्यार्थी अपनी शिक्षा का ग्रहण तनाव मुक्त होकर करें ना की तनाव लेकर और उनमें जो खूबी हो उसको लेकर आगे बढ़े जिससे वह जीवन में सफल हो। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संपूर्ण कार्यक्रम को समझने के पश्चात कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहां की विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव जिस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है वह वास्तव में आज की समय की आवश्यकता है और वह अपना पूर्ण सहयोग ऐसे कार्यक्रमों को प्रदान करेंगे प्रतिनिधिमंडल में जन विकास महासभा के संरक्षक विकास पांडे एवं प्रदेश मंत्री अजय यादव ने उप-मुख्यमंत्री का उनके सहयोग के लिये आभार प्रकट किया।

## डेंगू तो बहाना है कहीं और निशाना है

द अचीवर टाइम्स संवादाता



**महराजगंज।** रायबरेली डॉक्टर बनने के लिए अथक परिश्रम और शिक्षा की जरूरत पड़ती है। तब कहीं जाकर डॉक्टर की डिग्री मिलती है लेकिन चंद चटुकार आज डेंगू के विषय में खुद ही डॉक्टर बनकर भ्रामक अफवाह फैलाकर जनता को भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं। डॉक्टर एसपी सिंह द्वारा बताया गया कि हाल ही में दो मौतों का डेथ ऑडिट सीएमओ द्वारा टीम भेज कर करवाया गया डेथ ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों की मौत गैर डेंगू कारण से हुई पाया गया। वहीं मृतका कमल जहां के परिवार जनों ने वार्ड नंबर 5 बताया गया कि उनके पास अस्पताल का एक भी कागज नहीं है तो कैसे मान लिया जाए कि उनकी मौत डेंगू से हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह ने यह भी बताया कि कमर जहां की मौत का डेथ ऑडिट करने जिले की टीम से अनुरोध किया है जिससे मौत का असली कारण पता चल सके। वही डॉक्टर एसपी सिंह ने जनता वा मीडिया से अनुरोध किया है कि धैर्य बनाए रखें अफवाह न फैलाएं डेथ ऑडिट की रिपोर्ट आए बिना फैसला न करें स्वास्थ्य विभाग दिन रात जनता की सेवा के लिए तत्पर है ।वही डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि माइक्रो प्लान लगातार एक माह तक संचारी की टीम लगातार प्रतिदिन एक वार्ड में जांच करेगी मच्छर जनित रोगों की जांच और दवाइयां विभागीय नियमावली के अनुसार किसी भी गांव या क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिलने पर टीम को भेज कर आसपास के क्षेत्र का छिड़काव जांच और दवाइयां बांटी जाती हैं ।कस्बे में निकले डेंगू मरीजों में भी इसी नियमावली के अनुसार टीम भेज कर काम किया गया है।

इनसेट अधीक्षक के निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर कूड़ा पाया गया पान के थूकें हुए दाग पाए गए जिसपर रवि कुमार सफाई कर्मी का एक माह का वेतन रोका गया। इनसेट अधीक्षक द्वारा सत्येंद्र सिंह बी एच डब्लू को निर्देशित किया गया। क्षेत्र मे मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आदेशित किया जाता है कि आप प्रतिदिन टीम के साथ भ्रमणकर क्षेत्र में स्लाइड बनवाए डेंगू की जांच करवाकर प्रतिदिन रिपोर्ट सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सम्पादकीय

## क्रिकेट, व्यापार और राजनीतिक गठजोड़ के गोपनीय अनुमान

क्रिकेट में गेंदबाज जिन दो छोरों से गेंदबाजी करते हैं, उनके अलग-अलग नाम होते हैं। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के दो छोरों के नाम पैवेलियन और नर्सरी एंड हैं। ओवल के दो छोरों के नाम क्रमश~मेंबर%स पैवेलियन और अंडरग्राउंड स्टेशन वॉक्सहॉल हैं। दरअसल वॉक्सहॉल अंडरग्राउंड स्टेशन पास में ही है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के दो छोरों के नाम मेंबर्स एंड और द ग्रेट सदर्न स्टैंड हैं। कोलकाता के ईडन गार्डन के दो छोर पैवेलियन एंड और हाई कोर्ट एंड हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड के दो छोरों के नाम सबसे अच्छे हैं, जहां उन दो तेज गेंदबाजों के नाम पर छोरों का नामकरण किया गया है, जिनका यह घरेलू मैदान था। ये दो खिलाड़ी हैं- ब्रायन स्टैथम और जिमी एंडरसन। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के दो छोरों के नाम गरवारे एंड और टाटा एंड हैं। दूसरे स्टेडियमों के छोरों के नामों की तुलना में ये कम आकर्षक हैं, लेकिन ये इस आधार पर स्वीकार्य हैं कि क्रिकेट को स्पांसर भी चाहिए। क्रिकेट मैदान के दो छोरों के नामकरण के तीन उद्देश्य हैं- पहला यह कि इससे मैच देखने आने वाले लोग अलग-अलग छोरों में बने स्टैंड्स में आसानी से अपनी जगह ढूंढ लेते हैं। दूसरा, इससे उन लोगों के लिए कमेंटरी बहुत आकर्षक हो जाती है, जो मैदान पर खेल देखने नहीं आते। खासकर टेलीविजन के आने से पहले रेडियो कमेंटरी में दो अलग-अलग छोरों से होती गेंदबाजी का वर्णन श्रोताओं का आनंद बढ़ा देता था। और तीसरा, इससे खिलाड़ियों, खासकर कप्तानों को बहुत मदद मिलती है, जिन्हें स्थानीय परिस्थिति के बारे में ज्यादा जानकारी होती है। वे इस तथ्य का भी लाभ उठाते हैं कि किस छोर से चल रही हवा मैच के किस चरण में किस गेंदबाज के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट स्टेडियम के दो छोरों के नाम पत्थर की लकीर की तरह अमिट ही हों। ये नाम बदले भी जा सकते हैं। चेन्नई से 2,000 मील दूर बड़े होते हुए मैंने रेडियो कमेंटरी और अखबारों से जाना था कि चेपक स्टेडियम के एक छोर का नाम वालाजा रोड एंड है। यह नाम आकर्षण भी पैदा करता था और रहस्य भी। लेकिन कुछ साल पहले तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने वालाजा रोड एंड का नाम बदलकर एक पूर्व क्रिकेट प्रशासक वी पट्टाभिरमन के नाम पर करने का फैसला लिया। लेकिन चूंकि वालाजा रोड एंड नाम लोगों की स्मृति में बसा हुआ है, इसलिए इसका इस्तेमाल होता है। जब नरेंद्र मोदी स्टेडियम दर्शकों के लिए 2021 में खुला और उसी साल फरवरी में वहां पहला टेस्ट मैच हुआ, तो हमने पाया कि इसके दो छोरों का नामकरण अदाणी और अंबानी के नाम पर किया गया है। इस सच्चाई ने मुझमें हंसी, क्षोभ और असमर्थता के मिले-जुले भाव पैदा किए। यह सच है कि अतीत में उद्यमियों ने स्टेडियमों के लिए धन दिए हैं, और छोरों के नाम उनके नाम पर किए गए हैं, जैसे कि वानखेड़े स्टेडियम में टाटा एंड और गरवारे एंड। लेकिन गुजरात में पहले सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी के नाम पर करना, फिर दोनों छोरों के नाम अदाणी और अंबानी के नाम पर करना आत्म जागरूकता के अभाव का ही नमूना है। हाल के वर्षों में इन दो भारतीय उद्यमियों ने जो विराट आर्थिक समृद्धि हासिल की है, उस पर सवाल भी उठे हैं। केंद्र सरकार के पूर्व आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमणियम ने तो इसे कलंकित पूंजीवाद का 2ए मॉडल% तक कह दिया। न्यू अहमदाबाद स्टेडियम में हुआ पहला टेस्ट मैच टेलीविजन पर देखते हुए मैंने पाया कि दो छोरों पर स्कोरबोर्ड के ठीक ऊपर कंकरीट में इसके दो वित्तपोषकों के नाम बिल्कुल स्पष्ट हैं। उससे कुछ ही ऊपर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है-नरेंद्र मोदी स्टेडियम। इस तरह प्रधानमंत्री के साथ इन दो उद्यमियों के नाम सीधे-सीधे जुड़े हैं। यह इनकी सांकेतिक नजदीकी का सार्वजनिक प्रदर्शन भी है। मैं टेस्ट क्रिकेट का प्रेमी हूं और आईपीएल नहीं देखता। इसलिए मैं यह नहीं कह सकता कि आईपीएल, 2022 के दौरान इन दो छोरों को किस नाम से पुकारा गया।लेकिन इसी साल मार्च में अहमदाबाद में जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब टेस्ट मैच खेला गया, तब मैंने पाया कि अदाणी एंड तो अपनी जगह बरकरार था, लेकिन दूसरे छोर का नाम बदलकर जियो एंड कर दिया गया था। यह एक तरफ एक व्यावसायिक वस्तु की आकर्षक रीब्रांडिंग थी, तो दूसरी तरफ उस परिवार से दूरी बरतने का संकेत भी था, जिसने इससे भारी कमाई की थी। मैं आईपीएल नहीं देखता, लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच देखता हूं। विश्व कप में भारत का शुरुआती मैच मैं नहीं देख पाया, लेकिन भारत-पाकिस्तान का मैच मैंने कुछ समय तक देखा। मैंने पाया कि अहमदाबाद स्टेडियम में अब किसी भी छोर का नाम नहीं है। उन्हें सफेदी से मिटा दिया गया है। हालांकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम नाम उसी तरह चमक रहा है। दोनों छोरों से नाम हटा देने पर मेरे जैसे क्रिकेट प्रेमी के मन में कुछ सवाल उठे हैं। अपना नाम शामिल कराने के लिए अदाणी और अंबानी ने कितने पैसे दिए थे? उनका नाम मिटाते हुए क्या इसकी क्षतिपूर्ति उन्हें दी गई? क्या इस बारे में उनसे संपर्क किया गया था? क्रिकेट, व्यापार और राजनीति के रिश्तों को अहमदाबाद के जिस स्टेडियम में पहले इतने साहसपूर्वक प्रदर्शित किया गया था, उसे अचानक मिटा देने का कारण क्या है? नरेंद्र मोदी इस देश के सबसे गोपनीय प्रधानमंत्री हैं। उनके अतीत और वर्तमान तथा उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के बारे में कोई विश्वसनीय सूचना नहीं है। जब विश्वसनीय सूचना नहीं होती, तब बौद्धिक अनुमान काम करता है। अनुमान यह है कि उद्यमियों से नजदीकी की चुनाव में महंगी राजनीतिक कीमत चुकाने की आशंका को देखते हुए अहमदाबाद के स्टेडियम से वे नाम हटाए गए हैं। मेरे एक क्रिकेट प्रेमी दोस्त का कहना है कि अहमदाबाद स्टेडियम के दो छोरों का नाम वीनू मांकड़ और रणजीतसिंह जी के नाम पर कर देना चाहिए, जो गुजराती मूल के बेहतरीन क्रिकेटर थे।

# संजीदगी, संवेदनशीलता और सादगी की मिसाल हैं वहीदा रहमान

जिंदगी के इस दौर में वहीदा जी के लिए आखिरकार वह खुशनुमा पल आया जब उन्हें दादा साहेब फाल्के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। आप ताज्जुब करेंगे कि इस उम्र में भी वहीदा जी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखने वाली हैं। संजय लीला भंसाली अपनी सीरीज हीरामंडी में वहीदा रहमान को एक अहम किरदार में लाने वाले हैं।

जिंदगी के इस दौर में वहीदा जी के लिए आखिरकार वह खुशनुमा पल आया जब उन्हें दादा साहेब फाल्के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। वहीदा जी 85 साल की हो चुकी हैं। अब भी वैसी ही संजीदा और सादगी से भरी हुई। चेहरे पर वही मुस्कराहट। आप ताज्जुब करेंगे कि इस उम्र में भी वहीदा जी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखने वाली हैं। संजय लीला भंसाली अपनी सीरीज हीरामंडी में वहीदा रहमान को एक अहम किरदार में लाने वाले हैं। एक वक्त था जब वहीदा रहमान एक खूबसूरत सपने की तरह हर आंखों में बसती थीं। नए दौर में खूबसूरती की परिभाषा बेशक बदल गई हो, लेकिन 85 साल की वहीदा जी में जो सादगी और संजीदापन है वो आज भी उन्हें खास बना देता है। उन्हें देख कर, उनसे मिलकर ये एहसास ही नहीं होता कि वो उम्र के इस पड़ाव पर आ पहुंची हैं। अब भी वही ताजगी, वही तहजीब, सहमी सहमी सी आंखें लेकिन बातचीत में बेहद अपनापन।

**इंटरव्यू देना नहीं लगता अच्छा**

वहीदा जी बताती हैं कि वो आम तौर पर घर में ही रहती हैं, बाहर कम ही निकलती हैं, इंटरव्यू देना उन्हें अच्छा नहीं लगता लेकिन सिनेमा का जो लंबा दौर उन्होंने देखा है वो हर वक्त उनके साथ होता है... उनकी यादों में, उनकी बातों में। खासकर गुरूदत्त और देव आनंद के साथ बीते उनके वो पल जो उन्हें फिर से उसी दुनिया में ले जाते हैं। चाहे वो 'प्यासा' हो, 'कागज के फूल' हो, 'साहब, बीवी और गुलाम' हो, 'मुझे जीने दो', 'रेशमा और शेरा' और 'तीसरी कसम' हो या फिर उनकी सबसे बेहतरीन और पसंदीदा फिल्म 'गाइड'। अपनी फिल्मों की बात करते हुए वो 'खीमोशी' का नाम लेना भी नहीं भूलतीं। वो खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इतनी सारी क्लासिक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। कुछ साल पहले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में वहीदा जी का आना एक उपलब्धि की तरह था। वैसे तो साहित्य के इस बड़े मेले में बॉलीवुड की तमाम शख्सियतें हर बार सबकी निगाह खींचती हैं। उस दौरान वहीदा रहमान को देखने सुनने वालों ने जिस खामोशी से उन्हें सुना और खुद को उनके बहुत करीब पाया.. उससे साबित होता है कि बदले हुए सिनेमा, ग्लैमर की बदली हुई परिभाषा और इस नए दौर में भी वहीदा रहमान ताजे हवा के एहसास और सुकून की तरह हैं। आम तौर पर वहीदा रहमान सार्वजनिक समारोहों में जाने से बचती रही हैं। लेकिन जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में जाने के बाद उन्हें जो स्नेह मिला उसके बाद वहीदा जी ने खुद को फिर से सक्रिय किया, कई टीवी शो में नजर आईं। जिस तरह रेखा एक बार फिर सक्रिय हुईं, वहीदा जी ने भी नए दौर के साथ कुछ चुनिंदा कार्यक्रमों में शिरकत करना शुरु किया।

उस दौरान वहीदा जी से हुई एक संक्षिप्त बातचीत और अपने सत्र में वहीदा जी ने जिस तरह अपनी बात रखी उसके कुछ हिस्से हू ब हू आपको सुनाता हूं। फिल्मों में काम करने जब वो आईं और गुरूदत्त ने उनका नाम वहीदा रहमान से बदलकर कुछ और रखना चाहा तब का वाकया वो कुछ यूं बयान करती हैं। 'जब मैं नई-नई थी और चेन्नई से बॉम्बे बुलाया गया मुझे... गुरूदत्त जी ने बुलाया एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करने के लिए तो उन्होंने स्टिल फोटोग्राफ्स वगैरह लिए और कहा.. हां ठीक है आपका फोटोजेनिक फेस है.. तो हम कांन्ट्रेक्ट साइन करेंगे, मेरी वालिदा मेरे साथ थीं.. गुरूदत्त जी ने कहा कि हम आपका नाम चेंज करना चाहते हैं क्योंकि बहुत लंबा है और अच्छा भी नहीं है। जब उन्होंने कहा कि, अच्छा नहीं है तो मुझे बहुत बुरा लगा कि ये क्या बात है कि मेरे मां बाप ने मेरा नाम रखा तो आप कौन होते हैं ये बताने वाले कि अच्छा नहीं है। मैंने साफ कह दिया कि नहीं साहब मैं अपना नाम नहीं चेंज करूंगी। तो कहने लगे कि बहुत लंबा है। मैंने कहा.. देखिए.. स्क्रीन पर आएगा वहीदा रहमान लेकिन काम के दौरान या आपस में आप सिर्फ वहीदा बुलाइए.. तो कहने लगे कि ये ट्रेंड है इंडस्ट्री का.. कि लोग अपना नाम चेंज करते हैं। उन्होंने मिसाल दीङ्क दिलीप कुमार, मधुबाला, मीना कुमारी और कई लोग.. लेकिन उस वक्त मेरे अंदर अकड़ बहुत थी.. तो मैंने कहा कि मेरे मां बाप ने मुझे ये नाम दिया, मैं नहीं चेंज करूंगी.. फिर वो कहने लगे कि इसमें ग्लैमर नहीं है, ये नहीं है.. वो नहीं है.. लेकिन मैंने कह दिया कि आप चाहे जो कह लीजिए, मैं अपना नाम नहीं चेंज करूंगी। तो राज खोसला थे.. सीआईडी के डायरेक्टर.. वो गुरूदत्त जी के बहुत अच्छे दोस्त थे। वो पंजाबी थे और जरा जोशीले थे...और गुरूदत्त जी बड़े खामोश टाइप के थे।


तो कहने लगे कि कोई नया आर्टिस्ट आता है तो हमारी शर्तों पर काम करता है.. एक तो हम तुमको बुलाकर काम दे रहे हैं फिर अपनी कंडीशन्स लगा रही हैं आप.. मैंने कहा कि देखिए गिव एंड टेक होना चाहिए...तो उन्होंने कहा कि अच्छा आप जाइए होटल हम सोचेंगे... तीन दिन बाद उन्होंने बुलाया और कहा कि ठीक है हम आपका नाम वहीदा रहमान ही रखेंगे...मैंने कहा थैंक्यू वेरी मच..।' वहीदा जी पूरा किस्सा सुनाते हुए पूरी तरह उन दिनों की यादों में डूब जाती हैं ...कुछ इसी तरह वो देव साहब को याद करती हैं ङ्क 'मैं उनसे पहली बार सीआईडी के सेट पर मिली.. मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी... मुझे भरोसा नहीं हो रहा था कि मैं देवानंद के साथ काम कर रही हूं... वो बेहद संजीदा थे, बेहद शर्मीले से भी थे... तो जैसा हमें हमारे बुजुर्गों ने सिखाया कि बड़ों की इज्जत करें, हमेशा उन्हें आदर के साथ बुलाएं.. जैसे देव साहब, राज खोसला साहब या जी.. लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं.. आप हमें सिर्फ देव कहिए... मैंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है। आप बड़े हैं, मेरे सीनियर हैं और आप इतने बड़े स्टार हैं.. मैं भला आपको सिर्फ देव कैसे बुलाऊं... लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं आप मुझे सिर्फ देव बुलाइए.. अगले दिन जब मैंने उन्हें देव साहब बुलाया तो वो इधर-उधर देखने लगे और कहा कि सिर्फ देव... तो वो एक ही मेरे हीरो हैं जिनको मैं सिर्फ देव कहती हूं.. और बाकी तो अमिताभ जी, सुनील जी..वगैरह वगैरह.. जी और साहब.. लेकिन ओनली देव वाज देव।'सत्यजीत रे और गुरूदत्त के फिल्म बनाने और शूट करने के अंदाज को भी वहीदा जी ने बहुत बारीकी से पकड़ा ङ्क'गुरूदत्त जी जो थे वो बड़े खामोश किस्म के आदमी थे लेकिन हर एक टेक के बाद उनको तसल्ली नहीं होती थी, वो बहुत परफेक्शनिस्ट थे, और एक शॉट हो जाए.. और एक टेक हो जाए.. ये सिलसिला चलता रहता था। जबकि, सत्यजीत रे का दिमाग हर शॉट को लेकर एकदम साफ था.. एक बार कह देते थे और कोई भी शॉट तीन ङ्क चार मिनट में पूरा हो जाता था.. वो खुद एडिटर भी थे, उन्हें पता था कि उन्हें कितना शॉट इस्तेमाल करना है.. हालांकि गुरूदत्त जी भी एडिटिंग में शामिल होते थे लेकिन वो चाहते थे और हो जाए और हो जाए... उन्हें जल्दी तसल्ली नहीं होती थी.. वो खुद अपने शॉट से खुश नहीं होते थे।'

वहीदा जी खुद को बेहद लो प्रोफाइल मानती हैं। उन्हें जताने या दिखाने का एकदम शौक नहीं रहा.. उस वक्त एक्टिंग स्कूल नहीं होते थे.. इसलिए एक्टिंग तो कहीं से सीखी नहीं... भरतनाट्यम उन्होंने जरूर सीखा था.. लेकिन स्टेज पर डांस परफॉर्म करने और एक्टिंग करने में फर्क है.. उन्हें हमेशा से नेचुरल चीजें ज्यादा पसंद रही हैं। खुद को 'सिचुएशन' के हिसाब से कल्पना करके.. खुद को 'कैरेक्टर' की तरह महसूस करते हुए उन्होंने एक्टिंग करने की कोशिश की... शायद यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनीं और वो एक बेहतरीन और नैचुरल अदाकारा बन पाईं। इंडस्ट्री में अपनी सबसे अजीज दोस्त नंदा को वो तहे दिल से याद करती हैं... और ये बताती हैं कि बॉलीवुड से जुड़े लोगों के बारे में मीडिया में जिस तरह की अटकलें लगाई जाती हैं और तरह तरह की अफवाहें उड़ाई जाती हैं, उससे वहीदा जी कुछ खफा रहती हैं। मीडिया के बारे में जरा उनकी राय सुनिए। 'सॉरी टू स, मीडिया जो है बहुत ज्यादा हर चीज को बड़ा-चढ़ा कर बताता है, वो कहावत है न कि पर उड़ा तो वो कहेंगे कि कौआ उड़ा या भैंस उड़ गइ, यहां तो पर का नामोनिशान नहीं होता.. वो हाथी को उड़ा देते हैं, मीडिया शायद यही है।'

वो कहती हैं कि 'आज के दौर के कलाकार इतने मसरूफ रहते हैं.. फिर उम्र का भी बड़ा फासला हो जाता है इसलिए अब किसी के पास किसी से मिलने-जुलने का वक्त ही नहीं होता.. हां अभिषेक बच्चन है जो बहुत प्यार से मिलता है।

# अशफाक उल्ला खां जयंती विशेष~ स्वतंत्रता और साझी विरासत के पैरोकार थे अशफाक

आजादी की खुली हवा में खुल कर सांस लेना, चौराहे पर खड़े होकर बेबाकी से अपनी बात रखना, अपनी मर्जी से पूरी आस्था के साथ अपने धर्म का पालन करना, रस्में निभाना, उत्सव मनाना बेशक आज आम बात लगे लेकिन गुलामी से आजादी तक का मुश्किल सफर हमारी पीढ़ी ने नहीं जिया। हमने किताबों में पढ़ा है कुछ ख़ास दिनों में जिया है। यह सब खुशनुमा माहौल, यह खूबसूरत विरासत जिस पर हम अपना दावा पेश करते हैं, जिसने आज चांद पर पानी की तलाश शुरू कर दी है, मंगल पर जीवन की तलाश पर लगा है, सब की सब कर्जदार है उन वीर सपूतों की जिन्होंने बिना किसी मोह माया के अपने परिवार को असुरक्षित छोड़ कर भारत की हिफाजत के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। फांसी के फंदे पर ऐसे शान से चढ़े जैसे कोई अपनी शादी में घोड़ी न चढ़े। वीरों के इस लम्बी फेहरिस्त में एक नाम भारत मां के लाल अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का भी आता है। ईमान जिसकी दौलत और आजाद भारत देखना जिसकी एकमात्र



अशफाक उल्ला खां भारत मां का वो बहादुर लाल हैं जो युवाओं के हौसलों में, उत्साह में, क्रांति के नवाचार में आज भी जिन्दा हैं। देश के लिए शहादत देने वाले अशफाक उल्ला खां हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे और एकता की मिसाल कायम रखने वाले प्रतीक बन आज भी प्रासंगिक हैं।

**गो कि सौ बार रोज़ ही उन्हें मरते देखा।।**
**मौत से वीर को हमने नहीं डरते देखा।**
**तख्ता-ए-मौत पे भी खेल ही करते देखा।**

**-अशफाक उल्ला खां**

ख्वाहिशों की मंजिल थी। 22 अक्तूबर सन 1900 ई. में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में स्थित शहीद गढ़ में मोहम्मद शफीक उल्ला और महरूननिशा के घर एक असाधारण प्रतिभा के धनी बालक ने जन्म लिया। बचपन से ही पढ़ने-लिखने में उस बालक का ज्यादा मन न लगा शायद छोटी उम्र में कुछ बहुत बड़ा करने का इरादा था उसका। यह वो दौर था जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। किसी को नहीं पता था कि अंग्रेजी हुकूमत कब तक भारतीयों को अपनी ही धरती पर गुलाम बनाकर रखेगी। देश 1857 का संग्राम देख चुका था, अंग्रेजों की बदलती राजनीति और चालबाजी से वाकिफ हो चुका था। बालक अशफाक की बचपन से पसंद तैराकी, घुड़सवारी और निशानेबाजी में थी। कविताएं लिखकर अपनी बात कहने का शौक था। कहते हैं हसरत उपनाम से उन्होंने कविताऐं लिखी। जब महात्मा गांधी 9 जनवरी 1915 को भारत लौटे, भारतीय राजनीति एक नए मोड़ के लिए तैयार हो रही थी तब अशफाक उल्ला खां महज 15 वर्ष के रहे होंगे। बाल्यकाल और युवा अवस्था की मध्य बेला में ही अशफाक देश में होने वाले आंदोलनों और क्रांतिकारी परिवर्तनों से प्रेरित होकर क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल से बहुत प्रभावित हुए और रामप्रसाद बिस्मिल से मिलने की ख्वाहिश और उनके साथ जुड़ने की जद्दोजहद में लग गए। आगे चलकर रामप्रसाद बिस्मिल से मिले और क्रांति की दुनिया में शामिल हो गए।

**काकोरी काण्ड में उत्साह और साहस का दिया परिचय**

इसके बाद ऐतिहासिक काकोरी काण्ड में अपने अदम्य उत्साह और साहस का परिचय देकर अंग्रेजों के दांतों में पसीने ला दिए। इस दौरान वे पुलिस के हाथ न आए। काकोरी काण्ड के बाद वे बनारस आ गए और इंजीनियरिंग कंपनी में काम शुरू किया। उन्हें जो पैसे मिलते उससे वे अपने क्रांतिकारी साथियों की मदद में लगा देते। काम के संबंध में विदेश जाने के लिए वे अपने एक पठान मित्र के संपर्क में आए। उस मित्र ने उनके साथ छल किया और पैसों के लालच में अंग्रेज पुलिस को सूचना देकर अशफाक उल्ला खां को पुलिस से पकड़वा दिया। ब्रिटिश हुकूमत ने उनके पकड़े जाने के बाद उन्हें जेल में कठोर यातनाएं दी और सरकारी गवाह बनाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन अशफाक उल्ला खां न यातनाओं में टूटे न उनके क्रान्ति के उत्साह में कमी आई। उन्होंने हुकूमत के हर प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अशफाक उल्ला खां भारत मां के शेर सपूतों की फेहरिस्त में सबसे आगे थे। उन्होंने फांसी के फंदे को गले का हार बनाया और ब्रिटिश हुकूमत ने 19 दिसम्बर, 1927 को अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद जेल में फांसी दे दी। इस घटना ने भारत मां के अनेकों सपूतों में फौलादी उत्साह को भरने का काम किया। अंग्रेजी हुकूमत जिस दहशत को युवाओं में पैदा करना चाहती थी वो उत्साह और आजादी के जोश में तब्दील हो गई। अशफाक उल्ला खां की शहादत मिसाल कायम कर गई और आजादी की लड़ाई में हिन्दू-मुस्लिम एकता को और भी अधिक मजबूत कर गई। अशफाक उल्ला खां महज 27 वर्ष में अमरत्व को प्राप्त कर गए।

**तमाम क्रांतिकारियों के लिए बने प्रेरणा**

आजादी की लड़ाई में आप युवाओं के हीरो बने और आज भी युवाओं में जोश भरने वाले क्रांतिकारियों में अपने मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ देखे जा सकते हैं। अशफाक उल्ला खां भारत मां का वो बहादुर लाल हैं जो युवाओं के हौसलों में, उत्साह में, क्रांति के नवाचार में आज भी जिन्दा है। देश के लिए शहादत देने वाले अशफाक उल्ला खां हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे और एकता की मिसाल कायम रखने वाले प्रतीक बन आज भी प्रासंगिक हैं। आज हम आजाद भारत में जीवन व्यतीत करते हैं, खुलकर अपने विचार व्यक्त करते हैं, उत्सव मनाते हैं लेकिन हमें यह हरगिज नहीं भूलना चाहिए कि यह माहौल यह खूबसूरत मौसम जीना इतना आसान नहीं था। भारत और भारत की संस्कृति इन वीरों की विरासत है हमें इनके योग्य उत्तराधिकारी बनना होगा। भारत की साझी विरासत को विश्व में मिसाल कायम कर संजोए रखने की ज़िम्मेदारी अब हमारी है।

# भारत का बदलता परिदृश्यभारत का बदलता परिदृश्य

इतिहास साक्षी है कि किसी राष्ट्र का गौरव तभी जाग्रत रहता है जब वो अपने स्वाभिमान और बलिदान की परम्पराओं को अगली पीढ़ी को भी सिखाता है, संस्कारित करता है, उन्हें इसके लिए निरंतर प्रेरित करता है। किसी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है जब वो अपने अतीत के अनुभवों और विरासत के गर्व से पल-पल जुड़ा रहता है। फिर भारत के पास तो गर्व करने के लिए अथाह भंडार है, समृद्ध इतिहास है, चेतनामय सांस्कृतिक विरासत है।जब हम ग़ुलामी के उस दौर की कल्पना करते हैं, जहां करोड़ों-करोड़ लोगों ने सदियों तक आज़ादी की एक सुबह का इंतज़ार किया, तब ये अहसास और बढ़ता है कि आज़ादी के 75 साल का अवसर कितना ऐतिहासिक है, कितना गौरवशाली है। इस पर्व में शाश्वत भारत की परंपरा भी है, स्वाधीनता संग्राम की परछाई भी है, और आज़ाद भारत की गौरवान्वित करने वाली प्रगति भी है। हम भारत में हो रहे बड़े बदलावों और विकास कार्यो की दहलीज पर खड़े हैं। यह हर भारतीय के लिए उम्मीदों भरा दौर है, एक ऐसा दौर है जिसमें वे बेहतर जिंदगी और बेहतर देश का ख्वाब देख सकते हैं। लिहाजा, यही वह वक्त है, जब हम भविष्य के भारत का ताना-बाना बुनें।



हालाँकि जब हम सावधानीपूर्वक इस ओर देखें कि देश क्या बन सकता है तो हमें इस तथ्यात्मक तस्वीर को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि भारत का एक गौरवशाली अतीत भी है, न सिर्फ आर्थिक समृद्धि के पैमाने पर बल्कि नैतिक मूल्यों के पैमाने पर भी। हमें भारतीय होने पर गर्व है और उन मूल्यों पर भी, जो भारत के साथ जुड़े हैं। एक पुरानी कहावत है कि भारत एक नया देश है, लेकिन एक प्राचीन सभ्यता है और इस सभ्यता ने अपने पूरे इतिहास में जबरदस्त परिवर्तन देखा है। प्राचीन समय में दुनिया का एजुकेशन हब होने से लेकर आज दुनिया का आईटी हब बनने तक, भारतीय परिदृश्य ने एक लंबा सफर तय किया है। 15 अगस्त 1947 को अपने संदर्भ के ढांचे के रूप में लेते हुए, हम पाते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और मानव विकास जैसे कई क्षेत्र हैं जहां भारत ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। हालाँकि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों पर अभी भी ध्यान दिया जाता है।

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी का परिदृश्य**

जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा, तो वे अपने पीछे एक टूटा हुआ, जरूरतमंद, अविकसित और आर्थिक रूप से अस्थिर देश छोड़ गए। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने अपनी पहली पंचवर्षीय योजना में वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता दी। इसने ढ्ढढ्ढञ्ज और ढ्ढढ्ढस्ष्ट जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों का मार्ग प्रशस्त किया। स्वतंत्रता के केवल तीन वर्षों के बाद, 1950 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना हुई। इन संस्थानों ने विदेशी संस्थानों की सहायता से भारत में अनुसंधान को बढ़ावा दिया। 1975 में अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च करने से लेकर मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश होने तक, भारत ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ढ्ढस्क्रह्र) की बदौलत अंतरिक्ष अनुसंधान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मविश्वास से भरे कदम उठाए हैं। हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसे देशों के बराबर खड़ा है, वही जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी जाता है जहां भारत पूरी दुनिया के लिए टीके का उत्पादन कर रहा है। ब्ह्र की सफलता दुनिया के लिए एक केस स्टडी भी है जिसमें 9.36 बिलियन रुपये का लेनदेन हुआ है। केवल 2022 की पहली तिमाही में 10.2 ट्रिलियन।

**आर्थिक परिदृश्य**

भारत को अपनी स्वतंत्रता के बाद कई मुद्दों का सामना करना पड़ा, जिनमें अशिक्षा, भ्रष्टाचार, गरीबी, लैंगिक भेदभाव, अस्पृश्यता, क्षेत्रवाद और सांप्रदायिकता शामिल हैं। कई मुद्दों ने भारत के आर्थिक विकास के लिए प्रमुख बाधाओं के रूप में काम किया है। 1947 में जब भारत ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की, तो इसका सकल घरेलू उत्पाद मात्र 2.7 लाख करोड़ था, जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद का 3त्न था। 1965 में भारत में हरित क्रांति की शुरुआत हरित क्रांति के जनक एम. एस. स्वामीनाथन ने की थी। हरित क्रांति के दौरान, उच्च उपज वाले गेहूं और चावल के प्रकारों के साथ लगाए गए फसल क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। 1978-1979 तक, हरित क्रांति के कारण 131 मिलियन टन अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। भारत को तब दुनिया के शीर्ष कृषि उत्पादकों में से एक के रूप में मान्यता दी गई थी। कारखानों और पनबिजली संयंत्रों जैसी संबद्ध सुविधाओं के निर्माण से कृषि श्रमिकों के अलावा औद्योगिक श्रमिकों के लिए भी बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हुए। आज भारत 147 लाख करोड़ जीडीपी के साथ दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो वैश्विक जीडीपी का 8त्न है। हाल के वर्षों में, भारत में स्टार्टअप्स की संख्या में 15,400त्न की भारी वृद्धि देखी गई है, जो 2016 में 471 से बढ़कर जून 2022 तक 72,993 हो गई। स्टार्टअप्स की इस अभूतपूर्व वृद्धि ने देश में लाखों नए रोजगार भी पैदा किए हैं।

**आधारभूत संरचना**

आज का भारत आजादी के समय के भारत से अलग है। आजादी के 75 वर्षों में, भारतीय बुनियादी ढांचे में भारी सुधार हुआ है। भारतीय सड़क नेटवर्क की कुल लंबाई 1951 में 0.399 मिलियन किमी से बढ़कर 2015 तक 4.70 मिलियन किमी हो गई है, जो इसे दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बनाती है। इसके अतिरिक्त, भारत की राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली अब 2021 में 24,000 किमी (1947-1969) से 1,37,625 किलोमीटर तक फैली हुई है। आजादी के 70 से अधिक वर्षों के बाद, भारत एशिया का तीसरा सबसे बड़ा बिजली उत्पादक बन गया है। इसने 1947 में 1,362 मेगावाट से 3, 95, 600 मेगावाट तक ऊर्जा उत्पादन करने की अपनी क्षमता में वृद्धि की। भारत में, उत्पादित बिजली की कुल मात्रा 1992-1993 में 301 बिलियन यूनिट से बढ़कर 2022 में 400990.23 मेगावाट हो गई। भारत सरकार 28 अप्रैल, 2018 तक सभी 18,452 गांवों को रोशन करने में सफल रही, जबकि 1950 में केवल 3061 थी, जब यह ग्रामीण विद्युतीकरण की बात आती है।

**मानव विकास का परिदृश्य**

1947 में भारत की जनसंख्या 340 मिलियन थी जिसकी साक्षरता दर केवल 12त्न थी, आज इसकी जनसंख्या लगभग 1.4 बिलियन है और साक्षरता दर 74.04त्न है। 2022 में औसत जीवन प्रत्याशा भी 32 साल से बढ़कर 70 साल हो गई है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य का परिदृश्य**

हालांकि भारत ने साक्षरता दर के मामले में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता अभी भी प्रमुख चिंता का कारण है। शीर्ष 100 क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में एक भी भारतीय विश्वविद्यालय या संस्थान नहीं है। दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी के साथ, भारत चमत्कार हासिल कर सकता है यदि इसके युवा उचित कौशल और शिक्षा से लैस हों। स्वास्थ्य, क्षेत्र भी चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रति 1000 लोगों पर 2.5 डॉक्टरों के औसत की तुलना में डॉक्टर-से-रोगी अनुपात प्रति 1000 लोगों पर केवल 0.7 डॉक्टर है। हाल के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में 65त्न चिकित्सा व्यय रोगियों द्वारा जेब से चुकाया जाता है और इसका कारण यह है कि सार्वजनिक अस्पतालों में खराब सुविधाओं के कारण उनके पास निजी स्वास्थ्य सेवा का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

**राजनैतिक परिदृश्य**

ब्रिटिश शासन के अंत के बाद, 1947 में जवाहरलाल नेहरू को भारत के पहले प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने भारत के लिए एक समाजवादी-आर्थिक प्रणाली को बढ़ावा दिया, जिसमें पंचवर्षीय योजनाएँ और अर्थव्यवस्था के बड़े क्षेत्रों जैसे खनन, इस्पात, विमानन और अन्य भारी उद्योगों का राष्ट्रीयकरण शामिल है। गाँव के आम क्षेत्रों को ले लिया गया, और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक कार्यों और औद्योगीकरण अभियान के कारण महत्वपूर्ण बांधों, सड़कों, सिंचाई नहरों, थर्मल और पनबिजली संयंत्रों, और कई अन्य चीजों का निर्माण हुआ। 1970 के दशक की शुरुआत में भारत की जनसंख्या 500 मिलियन से अधिक हो गई, लेकिन ÷हरित क्रांति÷ ने कृषि उत्पादकता में काफी वृद्धि की, जिससे देश की लंबे समय से चली आ रही खाद्य समस्या को समाप्त करने में मदद मिली। 1991 से 1996 तक, दिवंगत प्रधान मंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव और उस समय उनके वित्त मंत्री, डॉ मनमोहन सिंह द्वारा लागू की गई नीतियों के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी। गरीबी लगभग 22प्रतिशत तक कम हो गई थी, जबकि बेरोजगारी लगातार कम हो रही थी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 7प्रतिशत से अधिक हो गई।

# विद्या भारती के तीनों विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं मेधा अलंकरण समारोह संपन्न

❖ मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडेल से किया गया सम्मानित।

संवाददाता












**लखीमपुर खीरी।** विद्या भारती पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (सी.बी.एस.ई.) व सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज, मिश्राना आदि तीनों विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं मेधा अलंकरण समारोह का कार्यक्रम गोला रोड उदयपुर विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री शिवकुमार व विशिष्ट अतिथि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र, अवध प्रान्त अध्यक्ष हरेन्द्र श्रीवास्तव, अवध प्रान्त प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष डॉ0 सतीश कौशल बाजपेयी, बालिका विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि बाजपेयी, यू.पी.बोर्ड विद्यालय के प्रबन्धक विमल अग्रवाल, सी.बी.एस.ई. विद्यालय के प्रबन्धक रवि भूषण साहनी व बालिका विद्यालय के प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। अतिथियों का स्वागत व परिचय सी.बी.एस.ई. विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहन नें कराया। विद्यालयों की वार्षिक आख्या यू.पी.बोर्ड विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह नें प्रस्तुत की। इसके बाद सी.बी.एस.ई. विद्यालय के प्राइमरी के भैया/बहनों द्वारा जल है तो कल है... का सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके उपरान्त बालिका विद्यालय की बहनों द्वारा श्रीराम लीला और लव-कुश कथा का मंचन किया गया इसके बाद राधा-कृष्ण सामूहिक नृत्य का मंचन किया गया। मुख्य वक्ता हेमचन्द्र नें कहा कि विद्या भारती बच्चों का सर्वांगीण विकास करती है इसके द्वारा वर्ष में गणित विज्ञान मेला व वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चे की प्रतिभा निखरकर बाहर आती है हमारी रायबरेली की पूर्व छात्रा सुधा सिंह नें अभी एशियन गेम्स में कई मेडल जीते हैं इसके बाद मुख्य अतिथि नें कहा कि हमारे वेदों शास्त्रों के अन्दर पांच प्रकार के विकास का वर्णन है यहां पर उपस्थित कई भैया भविष्य के वैज्ञानिक खिलाड़ी और अधिकारी होंगे। चन्द्रयान-3 की सफलता में हमारे कई भैया शामिल थे। विद्या भारती अपनी पंचपदीय शिक्षा प्रणाली से बच्चों का सर्वांगीण विकास करती है सभी भैया/बहन अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करें। इन्हें मिला गोल्ड पुरष्कार.............पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर यूपी बोर्ड के इंटर के मेधावी शिवांशु पटेल और हाईस्कूल के आकर्ष श्रीवास्तव, सीबीएसई बोर्ड के इंटर के पल्लव तिवारी औण्र हाई स्कूल के आयुष शुक्ला, विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की इंटर की आकांक्षा भारती और हाई स्कूल की प्रगति वर्मा को गोल्ड मेडेल से सम्मानित किया गया।

**हाई स्कूल व इंटर के 34 -34 छात्र छात्राओं को मिला रजत पुरस्कार**

विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की हाई स्कूल की शिवानी मिश्रा, मेधावी दीक्षित, मान्यता वर्मा सहित 12 छात्राएं, विद्या मंदिर यूपी बोर्ड के अग्रिम पटेल, जितिन कुमार व हर्षित वर्मा सहित 12 छात्र और सीबीएसई के आयुष शुक्ला, तेजस अवस्थी व हर्षित वर्मा सहित दस छात्र। विद्या मंदिर यूपी बोर्ड के इंटर के आर्यन वर्मा, शिवा सिंह व निर्मल मौर्या सहित 13 छात्र। सीबीएसई बोर्ड के पल्लव तिवारी,वेदांत बाथम व प्रखर सहित दस छात्र। बालिका विद्या मंदिर की शताक्षी शर्मा,प्रिया सिंह व स्वीटी मिश्रा सहित 11 छात्राएं हुई सम्मानित। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित।शत प्रतिशत उपस्थिति वाले 21 छात्राएं भी हुई सम्मानित। इस अवसर पर काशी प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, ग्रामीण शिक्षा अवध प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी, संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक राजकुमार, सदर विधायक योगेश वर्मा, मुख्य विकास अधिकरी अनिल कुमार सिंह विद्यालय प्रबन्ध समिति से डॉ0 अजय कुमार आगा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, घनश्याम तोलानी, श्रीमती सीमा साहनी, श्रीमती सुनीता सिंह तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य व स्टॉफ, भैया/बहन, अभिभावक व नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कुंतीश अग्रवाल ने किया कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी सुधीर वर्मा, आशीष मोहन बाजपेई पूर्ण जिम्मेदारी निभाई।

## एक नज़र

### मुर्गी फार्म में संदिग्ध परस्थितियों में मिला चौकीदार का शव



**मितौली खीरी।** मुर्गी फार्म में काम कर रहे चौकीदार का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से एक दहशत का माहौल बन गया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पी एम के लिए भेज दिया । जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मैगलगंज महजित पुर निवासी बलराम पुत्र लाखन(35) थानाक्षेत्र के खंजन नगर गांव में महमद पुत्र हमीदुल्ला के भट्ठे के निकट मुर्गी फार्म पर चौकीदारी का काम करता था। शनिवार को मुर्गी फार्म में चौकीदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पांच गए। भाई नरेंद्र पाल ने तहरीर देकर कहा है किर मेरा भाई लगभग दस बारह दिनों से खंजन नगर गांव निवासी महमद पुत्र हामिदउल्ला के मुर्गी फार्म पर कार्य करता था शनिवार को शव मिलने की खबर मिली।

**भाई ने बताया की मृतक के माता पिता भी नही है।**

परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने पंचनामा भरकर शव पीएम के लिए जिलामुख्यालय भेजा दिया है । थाना प्रभारी ने बताया शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा ?। पीएम के अनुसार ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### माता रानी का जगराता,डांडिया और भगवान की सुंदर सुंदर झांकियों का मंचन

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** 21अक्टूबर दिन शनिवार को महिला मोर्चा भाजपा नगर मंडल संयोजिका मीनू जी के नेतृत्व में माता रानी का जगराता, डांडिया, और भगवान की सुंदर सुंदर झांकियां, भजन, कीर्तन और ब्रह्म मुहूर्त में तारा रानी की कथा के पश्चात माता रानी की आरती कर कन्याओं को प्रसाद स्वरूप हलुआ, चना और फल वितरण कर समापन हुआ।इस कार्यक्रम में हमारी महामंत्री माला शास्त्री जी, जिला अध्यक्ष मंजू,लता जी, महामंत्री प्रतिमा, भदौरिया जी, मीडिया प्रभारी प्रियंका मिश्रा जीऔर असंख्य संख्या में सभी भक्त गण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन

थानगांव सीतापुर। शारदीय नवदुर्गा महोत्सव कार्यकर्म में संमिति द्वारा सनिवार को रेउसा चौराहे के हनुमान मंदिर पर जागरण का आयोजन जोरदार संतोष म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया। जागरण की सुरुवात दी प्रज्वलित कर माँ की वंदना,गणेश से की गई मातारानी के दरबार मे वेसुमार उमड़ी भीड़ को संभालने में पुलिस कार्यक्रम वालिटरो को काफ़ी कड़ी मसक्कत करनी पड़ी कलाकारों ने खूब भजन गीतों से खचाखच भरे पंडाल में लोगो को गुदगुदाया।लक्षयमी गणेश, माँ काली,उड़ते हनुमान जी,माता शेरावाली,लड्डू गोपाल, भोलेशंकर की भस्म आरती आदि सजीव झांकियों का मंचन किया गया।

### महिला किसान राजेंद्री देवी को एक और पुरस्कार, गन्ना उत्पादन में मिला प्रगतिशील कृषक सम्मान



**लखीमपुर खीरी ।** बिजुआ ब्लॉक की महिला किसान राजेंद्री देवी को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में शाहजहांपुर प्रगतिशील कृषक सम्मान मिला। कार्यक्रम में उनकी जगह उनके पुत्र ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। लखीमपुर खीरी जिले की प्रगतिशील महिला किसान को एक बार फिर बड़े फलक पर पहचान मिली है। बिजुआ ब्लॉक की महिला किसान राजेंद्री देवी को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में शाहजहांपुर प्रगतिशील कृषक सम्मान मिला। कार्यक्रम में उनकी जगह उनके पुत्र मौजूद। जिन्हें प्रदेश की गन्ना एवं चीनी उद्योग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी ने पुरस्कार प्रदान किया। प्रगतिशील किसान राजेंद्री देवी के अस्वस्थ होने के कारण उनके पुत्र व पेशे से शिक्षक वीरेंद्र शुक्ला ने अपनी मां का सम्मान ग्रहण किया। राजेंद्री देवी को 2018 में गन्ना पेड़ी प्रबंधन के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम पुरस्कार, 2020 में राज्य में सर्वश्रेष्ठ गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार जबकि, 2021 में राज्य स्तरीय गन्ना उत्पादन प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार मिल चुका है।

# गांव में लगी पुलिस की चौपाल, महिलाओं को किया जागरूक

❖ उप निरीक्षक योगेश शंखधार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने ग्राम पंचायत वाली मे चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ।

संवाददाता



**धौरहरा-खीरी।** मिशन शक्ति के तहत गांवों में खाकी की चौपाल लग रही है रविवार को धौरहरा पुलिस बल ने गांव-गांव जाकर महिलाओं व बालिकाओं को एक मंच पर एकत्र कर जागरूक किया। महिला अपराध और उनके लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक योगेश शंखधार, कान्स्टेबल दुर्गेश कुमार व महिला आरक्षी शालिनी व अन्य पुलिसकर्मियो ने रविवार को धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत वाली में चौपाल लगाकर जनता से संवाद किया। चौपाल में आए पुरुष और महिलाओं व बालिकाओं से सीधे संवाद किया सभी को स्मार्ट पुलिसिग, मिशन शक्ति और सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया उप निरीक्षक योगेश शंखधार ने कोतवाली क्षेत्र के गांवो में चौपाल में महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी मिशन शक्ति का प्रचार-प्रसार किया महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर हेल्पलाइन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी भी दी।अभियान के तहत उप निरीक्षक योगेश शंखधार के नेतृत्व में धौरहरा पुलिस बल द्वारा खेत में काम कर रही महिलाओं व बालिकाओ से संवाद स्थापित कर हाल-चाल जाना एवं साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। उप निरीक्षक योगेश शंखधार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी तरह की समस्या पर तत्काल इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं वहीं महिला आरक्षी शालिनी ने चौपाल में बताया कि गांव में मिशन शक्ति के साथ महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जा रही है। कोई समस्या आने पर महिला पुलिसकर्मी से समस्या बता सकते हैं इस दौरान महिलाओं से उनकी समस्या के बारे में पूछा गया।

### सेंट जॉन्स स्कूल समेत अनेक विद्यालयों के छात्राओं ने निकाली नारी सुरक्षा जागरूकता रैली

गोला गोकर्णनाथ खीरी । मिशन शक्ति नारी सुरक्षा अभियान को लेकर गोला नगर में सेंट जॉन्स स्कूल समेत अनेक विद्यालयों के छात्राओं द्वारा प्रतिभाग कर नारी सुरक्षा व नारी को मजबूत बनाने के लिए जागरूकता फैलाने को लेकर जागरूकता रैली आयोजित की गई। सरकार की मंशा के अनुरूप नारी शक्ति करण को लेकर जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में गोला पुलिस के नेतृत्व में नगर के सभी विद्यालयों के छात्राओ ने आयोजित रैली में प्रतिभाग किया। रैली की शुरुआत कोतवाली गोला गोकर्णनाथ परिसर से शुरू होकर मोहम्मदी रोड स्थित बाईपास से विकास चौराहा होते हुए सदर चौराहा से नानक चौकी होते हुए सिनेमा चौराहा से पुनः कोतवाली परिसर पहुंची। रैली में सर्वप्रथम गोला पुलिस की महिला पुलिसकर्मी रही जिसके बाद एक-एक करके मौजूद सभी विद्यालय की छात्राएं द्वारा नारी शक्ति से संबंधित झंडा, फ्लेक्स इत्यादि लेकर ऊंचे स्वर में नारे लगाते हुए नगर से रैली निकाली गई। इस बीच जगह-जगह छात्रों के स्वागत के लिए नगर पालिका गोला गोकर्णनाथ के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए पुष्पार्जन कर फल व जल की व्यवस्था कराई गई। सुरक्षा की दृष्टिगत रैली के बीच-बीच में तमाम पुलिस कर्मी भी साथ में चलते रहे। नगर के सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती विद्या निकेतन, कृषक समाज इंटर कॉलेज इत्यादि विद्यालयों की छात्राएं मौजूद रही। इस मौके पर गोला एसडीएम रत्नाकर मिश्रा समेत, गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नानक चौकी प्रभारी गौरव सिंह, अलीगंज चौकी प्रभारी पवन प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज सिद्धांत पवार व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## महिला थाना प्रभारी का सराहनीय कदम,परिजनों से बिछड़ने वाली महिला को परिवार से मिलाया




संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तराखंड से भूल भटक कर आयी महिला को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा किया गया है।उत्तराखंड के जनपद उधमसिंह नगर के कस्बा खटीमा के कोहिया हेड रंगे की एक मानसिक मंदित महिला अपने माता पिता के साथ दवा लेने आयी थी आज रात्री में अपने माता पिता से बिछड़ने के बाद महिला थाने की पुलिस को मिली थी।थानाध्यक्ष महिला थाना शकुन्तला उपाध्याय ने तत्काल रात मे ही वन स्टाप सेंटर पर आश्रय दिला दिया था उसके बाद माता पिता की जानकारी की गयी थी उक्त महिला ने अपना नाम शिफा और पिता का नाम प्रेमकुमार बताया था, आज दिन में महिला थाने की पुलिस द्वारा माता पिता की तलाश की जिस पर मालुम हुआ उक्त महिला लगभग दो सप्ताह मानसिक बीमारी से पीड़ित थी उसका इलाज कराने कल लखीमपुर में मानसिक चिकित्सक के यहां लेकर आये थे ,आज रात में भटक कर महिला उनसे बिछड़ गयी थी ,पुलिस के सहयोग से अपनी बेटी से मिलने के बाद माता -पिता को बहुत खुशी हुई है,थानाध्यक्ष शकुन्तला उपाध्याय द्वारा महिला को उसके माता पिता से मिलाने का सराहनीय कार्य किया गया है।

## चिराग तले अंधेरा, गंदगी के अंबार छात्र छात्राएं भी गंदगी के निकट से निकलने को मजबूर जिम्मेदार जानकर भी बने अनजान

संवाददाता



**मितौली खीरी।** जहां गंदगी से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा गांवों में सफाई कर्मचारियों नियुक्ति से लेकर विभिन्न विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है जिससे नागरिक स्वस्थ रहे। किंतु कुछ जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते स्थितियों को ÷चिराग तले अंधेरा÷ ही कह जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जी कही दूर मत जाइए, विकास खंड मुख्यालय जहां अधिकार्रियो और कर्मचारियों का निरंतर आना जाना लगा रहता है। वहां ठीक विकास खंड कार्यालय के सामने खेल मैदान में गंदगी के अंबार लगे हुए है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए विभिन्न प्रकार की बैठकों के आयोजन भी किए जाते है। किंतु जब विकास खंड कार्यालय के ठीक सामने ट्रांसफार्मर ने निकट खेल मैदान में भीषण गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे कभी भी कोई संक्रामक बीमारी फैलने का भय निरंतर बना रहता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की आदर्श इंटर कालेज के छात्र और छात्राएं भी मजबूरी वश इसी गंदगी के पास निरंतर निकलते रहते है। यही नहीं दर्जनों आवारा पशु भी इसी गंदगी में पड़ी पालीथीन को खाते घूमते है परंतु किसी जिम्मेदार की नजर तक इस गंदगी के महाढेर की और नही जाता। कई बार अधिकारी कर्मचारी भी गंदगी जैसे राक्षस से निबटने के लिए शपथ भी लेते है किंतु मामला ढाक के तीन पात की तरह ही रह जाता है। जब मुख्यालय के सामने ये हालत है गंदगी से निपटने के लिए तो गांवों की सफाई व्यवस्था तो शायद राम भरोशे ही होगी। थाना प्रांगण में उपजिलाधिकारी विनीत उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुए पीस कमेटी की बैठक में भी इस मामले को अवगत कराया गया था किंतु कई दिन बीत जाने के बाद भी लोगो को गंदगी से निजात नही मिल पा रही है।

# मैलानी थाना प्रभारी एसएचओ के नेतृत्व में दोबारा हुई चोरी

संवाददाता



**मैलानी खीरी।** मैलानी कस्बे के मैन बाजार में शनिवार की देर रात तीन अज्ञात चोर एक ज्वेलर्स के यहां लाखों की चोरी कर दुकान में लगे सीसी कैमरो का डीवीआर भी ले गए,पड़ोस के किराना व्यापारी के यहां केवल ताले ही तोड़ पाए,वहीं थोड़ी दूर पलिया रोड पर एक देसी शराब की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में पड़ी नगदी व दुकान में लगा वाई-फाई सीसी कैमरा भी उखाड़ कर ले गए। लखीमपुर से आयी फॉरेंसिक टीम ने फॉरेंसिक जांच के लिए मौके पर से सबूत जुटाए।एक महीने के अंदर दूसरी बार हुई चोरी की घटना से कस्बे के व्यापारियों में आक्रोश फैला हुआ है,कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर माहेश्वरी के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने लापरवाह पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाही के लिए एक ज्ञापन लखीमपुर से चोरी की घटना की जांच के लिए मैलानी पहुंचे सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह यादव को दिया है। व्यापारियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए भीरा थानाध्यक्ष निराले तिवारी भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहें।मैलानी कस्बे में शनिवार की देर रात लगभग 3 बजे के आसपास तीन अज्ञात चोरों ने कस्बे के आरएस ज्वैलर्स,देसी शराब की दुकान पर जहां चोरी की घटना को अंजाम दिया वहीं एक किराना व्यापारी की दुकान के केवल ताले ही तोड़ पाए।सर्राफा व्यापारी सचिन सोनी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की देर रात उनकी ज्वेलरी की दुकान से अज्ञात चोर लगभग 3 किलो पांच सौ ग्राम चांदी के आभूषण एवं 22 ग्राम सोना सहित दुकान में सीसी कैमरो के डीवीआर को चोरी करके ले गए हैं।लखीमपुर सदर पुलिस क्षेत्राधिकार संदीप सिंह यादव ने बताया कि सर्राफा व्यापारी द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है,कस्बे में हो रही चोरी की घटनाओं को ना रोक पाने एवं लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को अवगत करा दिया गया है।

**कस्बे में गस्त ना होना बना चोरी का कारण**

सर्राफा व्यापारी के यहां चोरी की घटना को पुलिस कप्तान द्वारा गंभीरता से लेते हुए का गोला के बाहर ड्यूटी होने के कारण सीओ लखीमपुर सदर संदीप सिंह यादव को मैलानी भेजा गया, मौके पर मौजूद सैकड़ो व्यापारियों ने बताया कि पुलिस द्वारा गस्त नहीं की जाती जिसके कारण चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं बीती 30 सितंबर को कस्बे की पांच दुकानों के ताले टूट गए थे,फिर भी मैलानी पुलिस द्वारा उसको गंभीरता से नहीं लिया गया और पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाते हुए महीने के अंदर ही दूसरी चोरी को चोरों ने अंजाम दे दिया।

**चोरी की घटनाओं से परेशान कस्बे के व्यापार मंडल के दोनो गुटो ने संयुक्त बैठक की**

कस्बे में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं से परेशान व्यापारियों ने कस्बे के दोनों व्यापार मंडल पदाधिकारी के साथ एक संयुक्त बैठक की,बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने मैलानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा(मिश्रा गुट) एवं अमित अरोड़ा(कंछल गुट) ने संयुक्त रूप से कहा की पुलिस द्वारा 7 दिनों के अंदर चोरी का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापार मंडल अपनी दुकान बंद कर प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुए व्यापारियों की बैठक में पहुंचे लखीमपुर सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह यादव ने व्यापारियों को कस्बे में हुई चोरी का शीघ्र खुलासा करने एवं लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।बैठक में लखीमपुर से आए सर्विलांस प्रभारी शिवकुमार,थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार,नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर महेश्वरी,व्यापार मंडल महामंत्री प्रदीप शर्मा,प्रवीण खन्ना,डीके लाला,अशोक गर्ग,महेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार अग्रवाल,गोपाल सिंघल,संजय शर्मा,ठाकुर विजय सिंह,वीरपाल यादव सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहें।

# फर्जी बैनामा कांड में संलिप्त महिला समेत 2 लोग गिरफ्तार

## बैंक मैनेजर सहित 12 लोग बहुचर्चित प्रकरण में पहले ही जेल की हवा खा रहें

संवाददाता



**कालपी(जालौन)।** निकटवर्ती ग्राम मौजा छौंक की जमीन को धोखाधड़ी से फर्जी बैनामा कराया जाने की घटना में शामिल गिरोह की महिला समेत 2 लोगों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बहुचर्चित घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद से 12 लोग इस मामले में जेल की हवा खा चुके हैं।

**खौफ से कई नामचीन चेहरे गायब हो गए हैं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कालपी के मौजा छौंक स्थित जमीन जो विद्यावती के नाम अभिलेखों में दर्ज थी। उस जमीन का बैनामा कराने के लिए नकली महिला छिद्दन पत्नी रघुवीर सिंह यादव निवासी ग्राम धमना उम्र 66 वर्ष का फर्जी आधार कार्ड विद्यावती के नाम से बनवाया गया था तथा 28-8-2023 को संदीप सिंह पुत्र रामसुमरन सिंह निवासी आलमपुर कालपी आदि के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी कर कूटरचित ढंग से दस्तावेज तैयार कर महिला छिद्दन को विद्यावती पुत्री मुनीश्वर पत्नी रघुवीर के रूप में पेश कर फर्जी बैनामा करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक रकम की ठगी की गई थी। इस प्रकरण का मुकदमा कालपी कोतवाली में जुर्म धारा 419, 420, 467, 468, 471 तथा 120 बी आईपीसी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। उक्त मामले की बिबेचना एडीशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ द्वारा की जा रही है। एडीशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ की टीम ने फर्जी बैनामा कराने वाली जमीन की बिक्रेता महिला छिद्दन पत्नी रघुवीर सिंह यादव निवासी ग्राम धमना को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार फर्जी बैनामा कराकर धोखाधड़ी से अर्जित की गई धनराशि से 20 लाख रुपए को बैंक एकाउंट से आरोपी अनवार पुत्र असलम निवासी कदौरा के खाते में ट्रांसफर कर के पहुंचाया गया था। बाद में इंटरनेशनल बैंक की शाखा के संविदा कर्मचारी जितेंद्र के पास रकम पहुंची थी। इस घटना में नाम प्रकाश में आने पर आरोपी महिला छिद्दन तथा अबरार कदौरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### जमीन ठगी के मामले में 10 आरोपी पहले ही जेल जा चुके

कालपी जालौन। जमीन घोटाले के मामले का खुलासा करने के लिए क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद 10 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस को कई तथ्य प्रकाश में आए हैं। फर्जी बैंक खाता एक्सिस बैंक दिबियापुर शाखा में खोला गया था, जिसमें शाखा प्रबंधक सहित 3 कर्मचारियों के द्वारा धोखाधड़ी भी की गई है। एक्सिस बैंक के मैनेजर अनमोल मिश्रा निवासी इटावा, बैंक कर्मचारी प्रशांत तिवारी निवासी फफूंद जिला औरैया, आशुतोष दुबे निवासी फफूंद जिला औरैया को भी पुलिस ने पड़ा है। बैंक के शाखा प्रबंधक तथा कर्मचारियों के पास से अलग-अलग 90 हजार रुपए की बरामदगी की गई है।

पुलिस की टीमों ने आरोपियों नमन के पास से 5 लाख रुपये व एक सोने की चैन, महेन्द्र से 5 लाख 80 हजार रुपये, मनीष कुमार से 2 लाख 40 हजार रूपये, जगमोहन से 1 लाख 50 हजार रूपये तथा 2 अदद जाली आधार कार्ड, जितेन्द्र कुमार से 1 लाख रूपये, सचिन सिंह के पास से 70 हजार रूपये, आशीष सिंह वैश्य से 50 हजार रूपये, बैंक मैनेजर अनमोल मिश्रा से 50 रुपये , आशुतोष से 20 हजार रुपये, प्रशान्त तिवारी से 20 हजार रुपये बरामद किए गए है। क्षेत्राधिकारी के मुताबिक अभी कई नाम और प्रकाश में आने हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसओजी तथा सर्विलांस की टीम भी अन्य आरोपियों के तलाश में जुटी है।

# चाकु से गोद कर हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दो और बाईक सवार साथियों की तलाश जारी

संवाददाता



**उरई जालौन।** शनिवार की शाम लगभग पांच बजे कृष्ण टाकीजके पास स्थित देवा जिम के नजदीक बाइक सवार तीन लोगों ने चाकुओं से हमला करके बाल्मीकि समाज के 19 वर्षीय युवक को गंभीर से घायल कर दिया।जिसकी उपचार के दौरान कानपुर में दर्दनाक मौत हो गयी घटना की लिखित तहरीर मृतक के पिता ने तीन के खिलाफ दी है। पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है मिली जानकारी के अनुसार हर्ष 19 वर्ष पुत्र प्रदीप बाल्मीकि निवासी राजेंद्र नगर। देवा जिम के सामने कृष्ण टाकीज के पास चंद्र नगर उरई जिम करने आता था ।उसी जिम में गजेन्द्र राज निवासी ग्राम कुईया व दो अन्य लोग भी आते थे। जिनमें आपस में कुछ विवाद हो गया इसी को लेकर शनिवार की शाम पांच बजे गजेंद्र राज बाइक पर सवार होकर तीन लोगों के साथ आ धमका और 19 वर्षीय हर्ष बाल्मीकि के ऊपर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया।और हर्ष बाल्मीकि खून लथपथ जमीन पर गिर पड़ा बाद में आरोपी मौके से भाग जाने में सफल हो गये। जानकारी मिलते ही हर्ष के परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचेजैसे घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जिसकी हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई घटना की लिखित तहरीर मृतक के पिता ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में दी जिसके आधार जिसके आधार कोतवाली पुलिस एक हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है

# एक नज़र

## सगे भाइयों के घरों से चोरों ने लाखों का माल किया पार

**उरई।** चोरों ने दो सगे भाइयों के घर में धावा बोलकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया। सुबह परिजन जब सोकर उठे तो घर में बिखरा सामान, टूटे ताले व जेवर नकदी गायब देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गृहस्वामियों का कहना है कि उनके यहां करीब पांच लाख की चोरी हुई है। एट थाना क्षेत्र के हरदोई गूजर निवासी परशुराम व श्रीपाल के घर में दीवार फांदकर घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी, बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखा एक मंगलसूत्र, दो चैने, दो अंगूठी, एक हार, दो जोड़ी पायल व 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। वहीं दूसरे भाई श्रीपाल के घर के कमरे से तीन सोने की अंगूठी, एक हार, चार चूड़ी, एक मंगलसूत्र, 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए। दोनों घरों में जहां लोग सो रहे थे। वहीं, चोरों ने बाहर से मुख्य दरवाजे की कुंडी बंद कर दी थी। रविवार की सुबह जब घर के लोग जागे तो बाहर से दरवाजा बंद होने पर फोन से आसपास के लोगों को बुलाया। तब जाकर घर का मुख्य दरवाजा खुल सका। लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त न होने से बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं, जिससे चोर-बदमाश बेखोफ घूम रहे हैं। गृहस्वामी की सूचना पर सीओ कोंच राम सिंह, थानाध्यक्ष कामता प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## खंभा लगाते समय क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन, जल संकट गहराया

**कालपी।** बिजली के खंभे लगाते समय नगर में कई जगह पर पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पानी की सप्लाई बाधित रही। शनिवार की रात नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित डिग्री कॉलेज के पास खंभे के लिए गड्ढा करते समय इसकी चपेट में पानी की पाइपलाइन आ गई। जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे उस एरिया में जलापूर्ति ठप हो गई। पानी न आने से लोगों को सुबह से ही परेशान होना पड़ा। त्योहार को देखते हुए नगर में पानी की समस्या बड़ी समस्या बन गई है। जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय निवासी श्रीराम, अशोक पुरवार, प्रदीप सिंह, कुशल गुप्ता आदि लोगों ने बताया के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से हम लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जब पाइपलाइन टूटी तो मौके से कर्मचारी भाग गए। जल संस्थान के जेई आलोक कुमार ने बताया कि शीघ्र ही पाइपलाइन को सही कराया जाएगा। जिससे आसपास क्षेत्र में जलापूर्ति चालू हो सके। साथ ही पाइपलाइन तोड़ने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गोशाला के अंदर जाने से सभासदों को रोका, खफा

**कदौरा।** कस्बे की कान्हा गोशाला के अंदर आधा दर्जन गायों की मौत की खबर पर सभासद अंकित, सभासद प्रतिनिधि महेश गुप्ता व बजरंग दल के प्रखंड संयोजक भानुप्रताप करोसिया पहुंचे। आरोप लगाया कि उन्होंने कर्मचारियों से गेट खोलने के लिए कहा तो कर्मचारियों ने ईओ द्वारा मना करने की बात कहकर गेट नहीं खोला। जिस पर सभासदों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने इसकी सूचना जिले के पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही चेयरमैन पति रवि शिवहरे पहुंचे और गेट खुलवाया। सभासदों ने गोशाला में भूसा-चारे पानी की व्यवस्था देखी। सभासदों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोशाला के अंदर आधा दर्जन गाय मृत हैं। इसलिए वह लोग आए थे, लेकिन कर्मचारियों ने गेट नहीं खोला था। गोवंशों को सड़ा भूसा खिलाया जा रहा है। गोशाला के अंदर सभासदों और आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगाना तुगलगी फरमान है। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक भानुप्रताप करोसिया ने आरोप लगाया कि मृत गायों को रात में ही दफन करवा दिया गया। उनको भी गोशाला के अंदर फोटो और वीडियो न बनाने की शर्त पर जाने दिया गया था। जिस तरह से रोका जा रहा है, इससे तो मामला संदिग्ध लग रहा है। ईओ का कहना है कि जिसे भी गोसेवा करना है तो अवगत कराए। बिना जानकारी के कोई गोशाला के अंदर नहीं जाएगा। बताया कि पूर्व में आई एनजीटी की टीम ने भी मना किया था।

## स्वास्थ्य मेले में 1939 मरीज, सबसे ज्यादा 327 त्वचा रोगी मिले

**उरई।** जिले के 30 ग्रामीण और छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। जिनमें 47 चिकित्सकों, 122 पैरामेडिकल स्टाफ ने चिकित्सीय कार्य किया। मेले में 853 पुरुष, 704 और 282 बच्चों समेत 1939 रोगियों का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य मेले में 100 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। 12 रोगियों की मलेरिया कार्ड से जांच की गई। एक व्यक्ति की हेपेटाइटिस की जांच की गई। 13 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया। 58 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मेलों में 149 बुखार, 225 लिवर संबंधी समस्याओं के, 180 श्वसन संबंधी, 110 डायबिटीज के रोगी आए। सबसे अधिक 327 त्वचा संबंधी रोगों के रोगी आए। मेले में नौ खून की कमी के और 43 उच्च रक्तचाप के रोगी देखे तथा उनको उपचार प्रदान किया गया।

**कालपी। सीएचसी मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 65 मरीजों का उपचार हुआ।**

मेले में पहुंचने वाले मरीजों को बदलते हुए मौसम से बचाव के बारे में बताया गया। डॉ. शेख शहरयार ने मरीजों के शारीरिक संबंधी जांच करके उनको दवाइयां उपलब्ध कराई। मरीजों को सलाह देते हुए बताया कि इस समय मौसम बदल रहा है। ठंडी चीजों का सेवन न करें। सुबह के वक्त पड़ने वाली हल्की सर्दी को हल्के में न लें। सुबह के वक्त सर्दी और दिन में गर्मी पड़ने से इस समय बुखार, जुखाम जैसी बीमारियां अधिक हो रही है।

# मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे झांसी मंडल प्रभारी ब्रजेश जाटव

**बैठक**

**बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे विधानसभा प्रभारी अतर सिंह।**

संवाददाता



**कालपी जालौन।** मुख्य अतिथि डॉक्टर बृजेश जाटव ने बताया है कि बहुजन समाज पार्टी भारत की तीसरे नंबर की पार्टी है अभी हाल में ही हो रहा है पांच राज्यों के चुनाव बीएसपी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी कालपी विधानसभा प्रभारी अतर सिंह पाल ने बहन जी को पीएम बनने को लेकर कशी कमर क्षेत्र के सेक्टर में बैठक करते हुए सेक्टर भदेख दिवारा में एकदिवसीय कैड्र की बैठक आहुत हुई।बैठक में कालपी विधानसभा प्रभारी अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा नेकहां की क्षेत्र सामाजिक भाईचारा बना कर बहन जी की सरकार नीतियां घर-घर पहुंचने का कार्य सभी सम्मानित कार्यकर्ता करें सर्व समाज को जोड़कर 2024 में बहन मायावती जी को पीएम बनाना है राजपाल सालोनिया विधानसभा प्रभारी होरीलाल पूर्व अध्यापक आता विधानसभा अध्यक्ष राजेश गौतम राम नारायण भिठारी विधानसभा सचिव गुलाब सिंह पाल पूर्व विधानसभा सचिवनाथूराम निषाद राम अवतार नेता दयाशंकर पाल नेताजी शिव रामपाल पप्पू संजू गौतम सुरेश कुमार चंद्रशेखर शिव नारायण गेंदालाल गोविंद दयाल विनोद कुमार कठेरिया सोनू डॉयरकृष्ण कुमार प्रेम नारायण श्री राम डॉयर विनोद पाल गौरव चौधरी राजू सहित सेक्टर बूथ के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सीएमओ कार्यालय में कोल्ड चैन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

संवाददाता



**उरई/ जालौन।** कोल्ड चैन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित अंचल प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनडी शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी कोल्ड चैन हैंडलर एवं सहायक कोल्ड चैन हैंडलर की है जिले की सभी 16 प्लानिंग यूनिट से जुड़े कोल्ड चैन हैंडलर वैक्सीन का ब्योरा अपडेट करते रहें। और तापमान पर विशेष ध्यान दें। जिला प्रतिक्षण अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार भिटोरिया में ओपन वाइल पॉलिसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले साइड इफैक्टपर भी ध्यान देने की जरूरत है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कोल्ड चैन का रखरखाव पूरी जिम्मेदारी से करें सभी प्रतिभागियों का प्री टेस्ट एवं पोस्ट टेस्ट के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया यूएनडीपी प्रतिनिधि झांसी मंडल चंद्रभूषण ने वैक्सीन सुडोल वैक्सीन के रखरखाव वैक्सीन की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर अजय महतेले चाई के जिला प्रतिनिधि दीपक दुबे यूनीसेफ के अमर सिंह एआर ओ आरती विश्वकर्मा हरिओम त्रिपाठी विनीश आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान भव: स्वास्थ्य मेले में 62 मरीजों का हुआ इलाज

## कालपी सीएचसी में 28मरीजों की हुई जांच




संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार की मौजूदगी में आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 62 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उपचार किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में आयोजित आयुषमान भव मेले को संबोधित करते हुए चिकित्साधिकारी ने कहा कि मरीजों एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिये शासन की योजनाओं के तहत संकल्पित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया के 14, डेंगू के 2, शुगर के 3, बीपी के 4, होम्यो ग्लोबल के 10 से अधिक रोगियों का जांच परीक्षण करके उपचार किया गया। स्वास्थ्य मेले में डॉ, गोपाल जी द्विवेदी, कुलदीप सचान, संजय दीक्षित, हरचरण सिंह, अनिल कुमार, आरफीन बेगम, किरन राठौर, ममता आदि स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही। आकाश राठौर ने बताया कि रविवार को पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

# तनाव में आकर यूवक ने खाया जहर, ईलाज के दौरान हुई मौत



संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवकली में जहरीला पदार्थ खाने से 40 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर करके शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरन पुत्र रामसेवक उम्र 40 वर्ष ग्राम देवकली में अपने परिवार के साथ रहता था, पूरन ने तनाव में आकर के कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर रात लगभग 9 बजे चाचा मोतीलाल तथा पुत्र आलोक बेहोशी की अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में लाकर भर्ती कराया गया। देखते देखते हालत गंभीर होती चली गई तथा इलाज के दौरान पूरन की मौत हो गई। चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने सरकारी मेमो के माध्यम से पूरन के मरने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर सब इंस्पेक्टर के द्वारा शव का पंचनामा भर करके पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है। यह ख़बर जैसी ही गांव में पहुंची तो गांव में सन्नाटा छा गया। मृतक पूरन की पत्नी, पुत्र एवं पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

## बैठक कर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

संवाददाता




**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कल देर शाम मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यो से संबंधित कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिस किसी विभाग की रैंकिंगखराब होगी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी उन्होंने कहा कि नियंत्रण सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपनी विभागों की योजनाओं के क्रिया न्वयनपर विशेष ध्यान दें निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की रैंकिंग खराब पाई जाती है।

उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लेमुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को उत्तर प्रस्तुत किया जाता है डाटा फिट करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा ना किया जाए किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुष्टि रहित फीडिंग कराए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य मैं नहीं होगी डाटा की सुचितासुनिश्चित करने के लिए शासन निदेशालय स्तर से भौतिक सत्यापन कराया जाएगा उत्तर की एडवांस अथवा गलत रिपोर्टिंग को प्रतिकूल रूप में लिया जाएगा एवं संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, विशाल यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी श्रम उपाय युक्त अवधेश दीक्षित जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, कृषि निदेशक एसके उत्तम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दलित महिला के ऊपर हमला करना तीन युवकों को पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज



संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** स्थानिक कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में दलित महिला के ऊपर हमला करना प्रभावशाली लोगों को महंगा साबित हुआ। पीड़िता ने गांव के तीन नामजाज व्यक्तियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी कालपी डॉ. देवेंद्र कुमार के द्वारा शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीड़ित वादिनी महिला रूबी पत्नी उमाशंकर निवासी ग्राम निवाड़ी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 12 अक्टूबर को 1:30 बजे वादिनी के मकान के बाहर आरोपियों राजा सिंह यादव पुत्र भगवानदीन, लालू पुत्र राम सिंह तथा रानू पुत्र जयसिंह ने एक राय होकर गलियां बना शुरू कर दी। पीड़िता के द्वारा जब गाली देने से रोका तो आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस ने जुर्म धारा 323, 504, 506 आईपीसी तथा दलित उत्पीड़न अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रकरण की जांच करने में जुट गई है।

# कुरबानी हमारे जीवन को सत्या के मार्ग की प्ररित करती है: दविंदर सिंह वीर, सिख मिशनरी उपदेशक



एजेंसी

**नवांशहर ।** दविंदर सिंह वीर सिख मिशनरी उपदेशक सुन्दर विचारों वाले व्यक्ति हैं। अपना पूरा जीवन गुरबाणी के अनुसार बिताने वाले वीर , सिख मिशनरी उपदेशक दविंदर सिंह वीर और सच्चाई से भरा जीवन जीने वाले इंसान हैं जो बेहद गंभीर बात को भी मजेदार तरीके से व्यक्त करते हैं। , दविंदर सिंह वीर ने अपना पूरा जीवन गुरबानी कथावाचक के रूप में बिताया है। अपने माता-पिता के आज्ञाकारी दविंदर सिंह वीर ने चेतक परिवार में रहते हुए बचपन से ही पाठ करना शुरू कर दिया था। दविंदर सिंह वीर ने सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के अध्यक्ष वीर हरभजन सिंह जी के साथ एक मिशनरी प्रचारक के रूप में काम करना शुरू किया। उन्होंने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और दिल्ली के धार्मिक स्थलों में विशेष रूप से उपस्थित होकर गुरबानी कहानियों का प्रवाह जारी रखा दविंदर सिंह वीर ने लोगों को ज्ञान देने के लिए सिख धर्म का वास्तविक अर्थ समझाया। सिख मिशनरी प्रचारक के साथ मिलकर सिख फुलवाड़ी पत्रिका शुरू की। घर-घर जाकर शिक्षा की अलख जगाने वाले देविंदर सिंह और सिख मिशनरी प्रचारकों के पूरे संगठन ने आम आदमी को सिख धर्म की विशिष्टता के बारे में जानकारी दी दविंदर सिंह वीर की मित्रता के कारण हजारों युवाओं ने अमृतपान किया। गुरु आशा के अनुसार, जीवन जीने के रंग में रंगे वीर जी दविंदर सिंह जी के सावधानीपूर्वक जीवन अध्ययन ने एक मार्गदर्शक के रूप में उनकी मिसाल कायम की है। सिख धर्म के सिद्धांतों को व्यवहार में लाने वाले दविंदर सिंह जी ने इस सिद्धांत को व्यवहार में लाया। उनके परिवार वाले, जो लोग जानते-समझते हैं, जो सिख मिशनरी आंदोलन को समझते हैं, जिनमें जागरुकता है, जो लोगों का दर्द समझते हैं, अपने काम को पूरी लगन से अपने जीवन में ढालते हैं, ये सब देखकर खुशी फैलती है। दिल में रोशनी होती है दविंदर सिंह वीर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का निरंतर पाठ करने वाले व्यक्ति हैं।

# जलते हुए हसेंगे, गुस्साएंगे भी: स्क्रीन टच करते ही जलने लगेंगे पुतले, रावण करेगा करतब; दिल्ली में खास तैयारी

संवाददाता




**नई दिल्ली।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि मोबाइल का स्क्रीन टच करते ही पुतलों में बारी-बारी आग लग जाएगी। इस दौरान पुतलों से रोने की आवाज निकलेगी। इस बार रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले अग्नि वाले वाण से नहीं बल्कि मोबाइल से दहन किया जाएगा। मोबाइल की स्क्रीन दबाते ही पुतले जलने लगेंगे। जलते हुए पुतले बार-बार हंसेंगे और गुस्सा करते हुए भी दिखाई देंगे। जलने से पहले रावण का पुतला करतब भी दिखाएंगे। इस बार पुतला दहने के लिए तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किया गया है। ऐसे हाईटेक पुतले अनेक रामलीला कमेटियों ने तैयार कराए हैं। वहीं कुछ रामलीला कमेटियों के यहां कटप्पा के भेष व धोती पहने वाले पुतले जलाए जाएंगे। रामलीला कमेटिया सनातन विरोधियों का भी पुतला जाएगी। ऐसे में इस बार चार पुतले जलाए जाएंगे। राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के मद्देनजर दिल्ली सरकार के पटाखेबाजी पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद विजय दशमी पर पुतलों के दहन के दौरान जमकर पटाखों की आवाज सुनाई देगी। दरअसल रामलीला कमेटियों ने पुतलों के जलने के दौरान डिजिटल तरीके से पटाखों की आवाज सुनाने की व्यवस्था की है। लालकिला मैदान में रामलीला का मंचन करा रही लवकुश रामलीला कमेटी ने रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले तैयार कराने में हाईटेक तकनीक का उपयोग किया है। पुतलों को मोबाइल फोन के माध्यम से जलाया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि मोबाइल का स्क्रीन टच करते ही पुतलों में बारी-बारी आग लग जाएगी। इस दौरान पुतलों से रोने की आवाज निकलेगी। वहीं लालकिला मैदान में ही रामलीला मंचन कराने वाली नवश्री धार्मिक लीला कमेटी ने बड़े एवं आर्कषित पुतले तैयार कराए हैं। कमेटी के प्रवक्ता राहुल शर्मा ने बताया कि तीनों पुतलों से जलने से पहले बार-बार ठहाकों की आवाज निकलेगी। इसके अलावा गुस्से के अंदाज में उनकी आंखों में लाल लाइट जलेगी। यहां पर ही रामलीला करा रही श्री धार्मिक लीला कमेटी ने सुरक्षा कारणों से ज्यादा ऊंचे पुतले नहीं बनवाए हैं, क्योंकि यहां दशहरा महोत्सव देखने के लिए देश-विदेश के वीवीआईपी आते हैं। कमेटी के प्रवक्ता रवि जैन ने बताया कि उन्होंने काफी आकर्षित पुतले तैयार कराए हैं। रामलीला मैदान में रामलीला मंचन करा रही श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने हाईटेक पुतले तैयार कराए हैं। दूसरी ओर पुतले बनाने की एशिया की सबसे बड़ी मंडी के रूप में पहचान बना हो चुके पश्चिम दिल्ली स्थित तितारपुर गांव के अलावा द्वारका, ककरौला मोड़ आदि जगह पर बड़े पैमाने पर पुतलों को अंतिम रूप दे दिया है। यहां से दूसरे राज्यों में पुतले ले जाने का सिलसिला सोमवार को होगा। तितारपुर में कटप्पा के भेष व धोती पहने पुतले तैयार किए हैं।

# राजेंद्र राठौड़ बोले- सरकार का जाना तय, गहलोत-पायलट के सामने उतारेंगे पहलवान



जयपुर। विधानसभा चुनाव के लिए राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों ने अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। प्रचार के साथ नेताओं की बयानबाजी भी जारी है। भाजपा नेता राठौड़ ने रविवार को कांग्रेस पर तंज कसा। भाजपा ने शनिवार को प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसी दिन कांग्रेस ने भी पहली लिस्ट में 33 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। 18 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के चेहरे साफ हो गए। रविवार को नेता प्रतिपक्ष और तारानगर से चुनाव लड़ रहे राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। गहलोत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है, इसलिए सरकार का जाना तय है।

# एक नज़र

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं

एजेंसी



**भुबनेर्स्व।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शारदीय दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा, परबन की अमृत झील में मां का आशीर्वाद सभी के जीवन को शांति और आनंद से भर दे। गौरतलब है कि आज मां की आठवीं पूजा मंडप में जबकि नौवीं पूजा पीठ में हो रही है। दुर्गा पूजा को लेकर पूरे राज्य में एक तरह का भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## पूर्व विधायक रामकृष्ण कटारिया को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

### पंजाब के कैबिनेट मंत्री और विधायक खास मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे

एजेंसी



**नवांशहर/बलाचौर।** पूर्व विधायक राम कृष्ण राम कटारिया का पिछले दिनों निधन हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए उनके परिवार ने आज पोजेवाल में पथ प्रकाश में श्री सुखमनी साहिब की पूजा-अर्चना की। उसके बाद ढाडी का भक्ति समारोह हुआ। जत्था भाई कुलदीप सिंह जी नानकसर माजरी ने भक्तों को अपने अनमोल कीर्तन प्रवचन दिए। यह उस आत्मा की पहचान है जो अपने जीवन के दौरान एक अलग समाज में है। उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि पूर्व विधायक कटारिया ने अपने कार्यकाल के दौरान हलके की सेवा की राजनीतिक जीवन। लोगों के दिलों में कटारिया साहब के लिए बहुत प्यार था। इस अवसर पर पंजाब विधानसभा के उपाध्यक्ष जय कृष्ण सिंह रोही, कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर। जिम्पा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राणा केपी सिंह , सांसद अंदपुरसाहिब मनीष तिवारी, पूर्व विधायक दर्शन लाल मंगूपुर, पूर्व राज्यसभा सदस्य अविनाश राय खन्ना, विधायक राणा गुरजीत सिंह, पूर्व लोकसभा वरिष्ठ राजनेता जगमीत सिंह बराड़, विधायक दिनेश चड्ढा रूपनगर, विधायक चरणजीत चन्नी चमकोर साहिब, विधायक रवजोत सिंह शामचोरासी, विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी, पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग, हेमंत सिंह शेरगिल चेयरमैन मार्कफेड, विधायक डॉ. राज कुमार चबेवाल, कामरेड महा सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक अंगद सिंह, कामरेड दर्शन मट्टू, चेयरमैन सतनाम जलालपुर, हलका प्रभारी बंगा कुलजीत इस अवसर पर सिंह सरहाल, ललित मोहन पाठक बल्लू, मलविंदर सिंह प्रवक्ता, पूर्व विधायक अमरजीत सिंह संदोआ, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने मेहरम नेता पूर्व विधायक राम कृष्ण कटारिया को सम्मान के फूल अर्पित किए। नवजोतपाल सिंह रंधावा, आईपीएस धनप्रीत कोर, जिला कार्यक्रम में पुलिस प्रमुख डॉ. अखिल चौधरी, किरनजीत कोर आईपीएस, अकाली नेता रमनदीप थियारा, शिव करण चेची, शाम सुंदर सरपंच, डॉ. हरविंदर बांठ, बिमल कुमार पूर्व चेयरमैन, कामरेड श्रद्धाजलि। प्रेम चंद भीमा, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर विस्तार से बताया और मंच के संचालन का दायित्व बखूबी निभाया।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही।

एजेंसी




**धौलपुर राजस्थान।** जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ देवेन्द्र सिंह राजावत एवं वृत्ताधिकारी सरमथुरा रविराज सिंह के सुपरवीजन में थानाधिकारी सरमथुरा कृपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। थानाधिकारी ने बताया कि सरमथुरा पुलिस को कोबरा टीम धौलपुर इंचार्ज घनश्याम की सूचना पर अबैध शराब रखने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए खुर्दिया रपट पार्वती नदी पर नाकाबन्दी की। नाकाबंदी के दौरान एक इको कार को रुकने का इशारा किया तो लगभग सौ मीटर पहले ही वैन को रोका गया और वैन में बैठे दो व्यक्ति वैन में से निकलकर नादनपुर की ओर सड़क सड़क भागने लगे, जिनको भाग कर पकड़ा गया। वैन को चैक किया तो वैन के पीछे की दोनों सीटों पर गत्ते के 19 कार्टून रखे हुए जिनका अवलोकन किया गया तो 17 कार्टन जिनमें हीर रांझा देशी शराब मार्का के प्रत्येक में 48-48 प्लास्टिक के पब्बा जिनमें देशी शराब भरी हुई तथा दो कार्टून जिनमें 12-12 बीयर भरी हुई मिली। उक्त मिली शराब को ले जाने व कब्जे में रखने बाबत दोनों व्यक्ति कृष्णकुमार व दिगविजयसिंह से लाईसेन्स व परिमीशन मांगी तो दोनों ने अपने पास कोई लाईसेन्स व परिमीशन होना नहीं बताया। इस सम्बंध में प्रकरण दर्ज कर दोनों की गिरफ्तारी व शराब को जब्त किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि आगे भी अवैध शराब रखने वाले व अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ का खिलाफ अभियान रहेगा जारी।

# एक प्रसिद्ध उद्योग विशेषज्ञ द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए उद्योग-तैयार कौशल विकास पर एक सेमिनार

एजेंसी






**नवांशहर /काठगढ़।** 21 अक्टूबर 2023 को यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, लामारिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब ने चांसलर डॉ. संदीप सिंह कौरा के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया, जिसमें श्री राजा दास गुप्ता, मुख्य नवाचार अधिकारी और सह-संस्थापक गेंज 360, लीडर - साउथ एशिया डिजिटल कॉमनवेल्थ, यूके और वैश्विक प्रचारक, एम्प्लॉयबिलिटी लाइफ, शिक्षा जगत, संस्थागत गठबंधन और कौशल विकास में एक प्रमुख व्यक्ति, ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से आईबीएम द्वारा पेश एक अद्वितीय बी.टेक.कंप्यूटर कार्यक्रम शुरू किया है। छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया विज्ञान कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित सत्र, छात्रों को उद्योग की तैयारी के लिए तैयार करने और एक स्मार्ट कैरियर पथ बनाने में मदद करने के लिए तकनीकी कौशल, अनुप्रयोग विकास और प्रभावी समय प्रबंधन के महत्व पर केंद्रित था। राजा दास गुप्ता, जो शिक्षा क्षेत्र में व्यापक पृष्ठभूमि का दावा करते हैं और उद्योग-अकादमिक साझेदारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, ने छात्रों के साथ अपनी अमूल्य अंतर्दृष्टि और ज्ञान साझा किया। इंटरैक्टिव सत्र बी.टेक कंप्यूटर साइंस कार्यक्रम में नामांकित छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुआ, जिसे छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार अत्याधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सत्र के दौरान, श्री गुप्ता ने तकनीकी उद्योग में व्यावहारिक कौशल और अनुप्रयोग विकास अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया, बल्कि अपने ज्ञान को लागू करने में व्यावहारिक अनुभव और विशेषज्ञता हासिल करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा, श्री गुप्ता ने समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला, यह एक महत्वपूर्ण कौशल है जो व्यक्तियों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों और पाठ्येतर गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संतुलित करने में सक्षम बनाता है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. बी.एस. सत्याल ने विशेषज्ञों और यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूएसईटी), एलटीएसयू का स्वागत किया। पंजाब डीन प्रोफेसर (डॉ.) एच.पी.एस. धामी ने अपना ज्ञान प्रदान करने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए राजा दास गुप्ता को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे सत्र छात्रों को उद्योग की चुनौतियों के लिए तैयार करने और उन्हें उनके चुने हुए करियर पथ में सफल होने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। लामारिन अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है, जो आईबीएम और एनएसडीसी नई दिल्ली के सहयोग से, कंप्यूटर विज्ञान में एक अद्वितीय पाठ्यक्रम प्रदान करता है और तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने में तुरंत योगदान दे सकता है। उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ाव कार्यक्रम के मूल्य को बढ़ाता है और छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा पर व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। राजा दास गुप्ता के साथ इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे उन्हें नए सिरे से उद्देश्य की भावना और प्रौद्योगिकी उद्योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल की बेहतर समझ प्राप्त हुई। इसने नौकरी बाजार की मांगों से मेल खाने वाली शीर्ष-स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

# विवि और कॉलेजों में दो सप्ताह के भीतर होंगे छात्रसंघ चुनाव, शिक्षा मंत्री धन सिंह ने दिए निर्देश

संवाददाता



**देहरादून।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में छात्रसंघ चुनाव दो सप्ताह के भीतर कराए जाने पर सहमति बनी है। कहा कि राज्य सरकार का मकसद प्रदेश में उच्च शिक्षा सत्र को समय पर शुरू करना है, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र में समय पर प्रवेश करने के साथ ही 30 सितंबर तक छात्रसंघ चुनाव भी कराए जा सकें। प्रदेश में विश्वविद्यालय परिसरों एवं महाविद्यालयों में दो सप्ताह के भीतर छात्रसंघ चुनाव कराए जाएंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। चुनाव की तिथि विश्वविद्यालय के कुलपति विचार-विमर्श के बाद तय करेंगे। सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव एक ही दिन कराए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में शैक्षिक सत्र को नियमित किए जाने के लिए भी कुलपतियों को निर्देश दिए गए। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक दीक्षांत व एक चुनाव के फार्मूले के तहत प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में शैक्षिक सत्र नियमित करने के निर्देश कुलपतियों एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

**शिक्षा सत्र को समय पर करना है शुरू**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार का मकसद प्रदेश में उच्च शिक्षा सत्र को समय पर शुरू करना है, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र में समय पर प्रवेश करने के साथ ही 30 सितंबर तक छात्रसंघ चुनाव भी कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में छात्रसंघ चुनाव दो सप्ताह के भीतर कराए जाने पर सहमति बनी है। चुनाव तिथि सभी कुलपति उच्च शिक्षा निदेशक व शासन के अधिकारी आपस में विचार विमर्श कर तय नोटिफिकेशन जारी किया जागा। इसके लिए उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों को अपनी तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए।

# 20 लाख रूपये की रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार।



एजेंसी

**धौलपुर राजस्थान।** निहालगंज थानाधिकारी भोजाराम के नेतृत्व में थाना निहालगंज पुलिस टीम द्वारा रंगदारी मांगने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि एक व्यवसायी ने थाना निहालगंज धौलपुर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुस्तगीस के मोबाईल नम्बर पर फोन कर 20 लाख रूपये की माँग करने एवं पैसे नही देने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में रिपोर्ट पेश की थी, जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान रंगदारी मांगने व धमकी देने वाले संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर तलाश की गई। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी विशालसिह पुत्र रामभरोसी जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी मानपुर थाना कौलारी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा बोली- मुख्यमंत्री की शह पर हुआ भ्रष्टाचार, कांग्रेस सरकार की विदाई तय

संवाददाता




**जयपुर।** सीपी जोशी ने कहा- कांग्रेस ने राजस्थान की जनता के साथ छलावा किया है। नारियों की रक्षा में नाकाम रही, किसानों और युवाओं के साथ वादाखिलाफी की है। ऐसे में जनता ने तय कर लिया है कि कमल खिलाना है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए मीडिया सेंटर का शुभारंभ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने किया। इस दौरान जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की विदाई अब तय हो चुकी है। उन्होंने कहा- प्रियंका गांधी ने दौसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी की है। वे जनता के सामने मंच से झूठ बोल रही है। यह कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता के साथ छलावा किया है। नारियों की रक्षा में नाकाम रही, किसानों और युवाओं के साथ वादाखिलाफी की है। ऐसे में जनता ने तय कर लिया है कि कमल खिलाना है। लोगों को पीएम मोदी पर विश्वास है। भाजपा पर गांव, गरीब, किसान, महिला सभी को विश्वास है। हमने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, लेकिन कांग्रेस अभी भी असमंजस का माहौल है। उनके पास कोई चेहरा नहीं है, जबकि भाजपा के पास पीएम मोदी जैसा चेहरा है।

**प्रदेश में अराजकता का माहौल**

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने कहा कि जिस प्रकार राज्य में पिछले 5 साल से अराजकता का माहौल है। युवा नौकरी के लिए परेशान रहे, आमजन को महंगाई राहत शिविरों की लाइन में लगा दिया गया और नारियों पर अत्याचार होते रहे। ये सब देखते हुए जनता ने काफी पहले ही कांग्रेस सरकार की विदाई तय कर दी थी। अब 25 अक्तूबर को प्रदेश की जनता इस अराजक, नकारा और निकम्मी सरकार की विदाई पर अंतिम मुहर लगाने को तैयार बैठी है।

**मुख्यमंत्री कुर्सी से चिपके रहे**

प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने पूरे कार्यकाल कुर्सी से चिपके रहे और उनका पूरा ध्यान अपनी कुर्सी बचाने पर ही लगा रहा। इसके कारण प्रदेश की जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं था। इससे जनता में नाराजगी है और कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के कारण आने वाले समय में राजस्थान में कांग्रेस का नाम लेने के लिए कोई कार्यकर्ता भी नहीं बचेगा।

**मुख्यमंत्री की शह पर भ्रष्टाचार**

राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनिल बलूनी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के शासन में मुख्यमंत्री की शह पर भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। हर दिन औसतन 4 से अधिक लोगों को एसीबी में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडा है। इसमें कई मामलों में तो कांग्रेस के नेता या उनसे जुडे हुए लोग गिरफ्तार हुए हैं। अब यहां भ्रष्टाचार के मामलों की जांच ईडी कर रही है जिसकी आंच मुख्यमंत्री गहलोत तक आ सकती है। इसके कारण वे आए दिन ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं।

**दुष्कर्म और अत्याचार के मामले बढ़े**

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान अपराध चरम पर रहा है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अत्याचार के मामले बढ़े हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वयं कुर्सी जाने के डर से घिरे रहे, जिसका परिणाम यह रहा कि राज्य को पूरे पांच साल तक कोई गृहमंत्री भी नहीं मिल पाया। उनकी इस अकर्मण्यता के कारण अपराधियों के हौंसले बुलंद हुए और आमजन को डर के साए में जीने को मजबूर होना पडा है।

**नई इबारत लिख रहा देश**

राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। यह पीएम मोदी के विजन और सोच के साथ किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि आज देश की पांचवीं बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। पीएम मोदी के देश में एक बार फिर भारत देश विश्व का सिरमौर बनकर उभर रहा है।

# इस विश्व कप में तीसरा बड़ा उलटफेर

## पाकिस्तान की लगातार तीसरी हार, अफगानिस्तान ने आठ विकेट से हराया

**एजेंसी**



**चेन्नई।** वनडे विश्व कप 2023 में यह पाकिस्तान की लगातार तीसरी हार है। वहीं, अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराने के बाद पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज की है और बाकी टीमों को चेतावनी दे दी है। वनडे विश्व कप 2023 में उलटफेर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को इस विश्व कप का तीसरा बड़ा उलटफेर हुआ। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। इससे पहले अफगान टीम ने इंग्लैंड को धोया था, जबकि नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट खोकर 282 रन बनाए थे। इसके जवाब में अफगानिस्ता ने 49 ओवर में दो विकेट खोकर 286 रन बना लिए और आठ विकेट से मैच अपने नाम किया। पाकिस्तान के लिए बाबर ने 74 रन बनाए और अबदुल्लाह शफीक ने 58 रन की पारी खेली। वहीं, अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 87, रहमत शाह ने नाबाद 77 और रहमनुल्लाह गुरबाज ने 65 रन बनाए। कप्तान शहीदी ने नाबाद 48 रन बनाए। वनडे विश्व कप 2023 में यह पाकिस्तान की लगातार तीसरी हार है। वहीं, अफगानिस्तान ने दूसरा उलटफेर करने के साथ ही अंकतालिका में बड़ी छलांग लगाई है। अब यह टीम छठे स्थान पर आ गई है, जबकि गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम आखिरी पायदान पर है। इन तीन उलटफेर ने अंक तालिका और सेमीफाइनल के समीकरण काफी रोचक कर दिए हैं।

**पहली पारी में क्या हुआ?**

पाकिस्तान के लिए बाबर आजम और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतक लगाया। बाबर ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। अब्दुल्ला शफीक ने 58 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में शादाब खान और इफ्तिखार अहमद ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 282 रन तक पहुंचाया। दोनों ने 40-40 रनों का योगदान दिया। सऊद शकील ने 25 और इमाम उल हक ने 17 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान आठ रन ही बना सके। शाहीन अफरीदी तीन रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूर अहमद ने तीन और नवीन उल हक ने दो विकेट लिए। मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह ओमरजई को एक-एक सफलता मिली।

**दूसरी पारी में क्या हुआ?**

283 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने शानदार शुरुआत की। गुरबाज और इब्राहिम ने पावरप्ले में ही 60 रन जोड़ लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। गुरबाज 65 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इब्राहिम ने रहमत शाह के साथ मिलकर 60 रन जोड़े। इब्राहिम 87 रन के स्कोर पर आउट हुए, लेकिन इसके बाद अफगानिस्तान का कोई विकेट नहीं गिरा। शहीदी और रहमत शाह ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 96 रन की साझेदारी कर अफगानिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिला दी। पाकिस्तान के शाहीन और हसन अली को एक-एक विकेट मिले, लेकिन यह अफगानिस्तान को यादगार जीत से नहीं रोक सके। किसी विश्व कप में पहली बार अफगानिस्तान की टीम दो मैच जीती है। वहीं, वनडे में पहली बार पाकिस्तान को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। अब पाकिस्तान की टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है।

**तीन साझेदारियों में जीत लिया मैच**

अफगानिस्तान के लिए यह जीत इस वजह से भी खास है, क्यों कि इस टीम ने आज तक वनडे में 283 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं किया था। टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 130, 60 और 96* रन की तीन साझेदारियां कर जीत हासिल कर ली। कप्तान हशमतुल्लाह ने कहा भी कि टीम ने पेशेवरों की तरह से लक्ष्य का पीछा किया। टीम के बल्लेबाजी कोच अजय जडेजा ने जीत के बाद पूरी टीम को स्टेडियम में उनका हौसला बढ़ाने के लिए आए समर्थकों का धन्यवाद करने के लिए कहा। पूरी टीम ने स्टेडियम का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन किया।

**नूर ने लिए तीन महत्वपूर्ण विकेट**

शफीक ने इस मैच के पांचवें ओवर में नवीन-उल-हक की शॉर्ट गेंद को मिड विकेट पर पुल के जरिए छक्का लगाया। यह इस विश्वकप में पावरप्ले के दौरान पाकिस्तान की ओर से लगाया गया पहला छक्का था। अच्छी शुरुआत के बावजूद नूर अहमद ने पाकिस्तान को शफीक और मोहम्मद रिजवान (8) के रूप में बड़ा झटका दिया। बाबर और सउद शकील (25) ने 43 रन जोड़े। बाबर बड़ी पारी की ओर जाते दिखाई दे रहे थे। वह 69 गेंद में अपना अर्धशतक भी पूरा कर चुके थे, लेकिन यहां नूर अहमद ने बाबर को आउट कर दिया।

**इफ्तिखार ने लगाए चार छक्के**

206 रन पर पांच विकेट खोने के बाद शादाब खान और इफ्तिखार अहमद ने रनों की गति को बढ़ाया। इफ्तिखार ने इस दौरान चार छक्के लगाए और पाकिस्तान की वापसी करा दी। हालांकि नवीन उल हक ने दोनों बल्लेबाजों को आउट कर उनके अर्धशतक पूरे नहीं होने दिए।

**इब्राहिम-गुरबाज ने की 130 रन की साझेदारी**

283 रन का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को इब्राहिम जादरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने शानदार शुरुआत दिलाई। इब्राहिम ने 54 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उनका यह वनडे में पांचवां अर्धशतक रहा। साथ ही उन्होंने वनडे में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिया। वहीं गुरबाज ने 38 गेंद में अपना कुल चौथा और इस विश्वकप का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों ने 93 गेंदों में 100 रन की शतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली। इन दोनों ने पाकिस्तान के प्रत्येक गेंदबाज की धुनाई लगाई। यह साझेदारी शाहीन आफरीदी ने 22वें ओवर की पहली गेंद पर गुरबाज (65) को आउट कर तोड़ी। गुरबाज-इब्राहिम ने 127 गेंद में 130 रन जोड़े।

## कभी रन आउट की धमकी तो कभी फीते बांधने को लेकर लड़ाई, विश्व कप मैच में नबी और बाबर ने जमकर की मस्ती

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच मैच में मोहम्मद नबी और बाबर आजम की दोस्ती देखने को मिली। पहले नबी ने बाबर को रन आउट करने की धमकी दी फिर बाबर ने नबी को जूते के फीते बांधने से रोक दिया।

वनडे विश्व कप 2023 के 22वें मैच में अफगानिस्तान का सामना पाकिस्तान से था। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और अफगानिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने जमकर मस्ती की। पूरे मुकाबले के दौरान दोनों का याराना देखने को मिला। बाबर जब बल्लेबाजी कर रहे थे और नॉन स्ट्राइक पर थे तो वह नबी के गेंद करने से पहले ही क्रीज से बाहर जा रहे थे। ऐसे में नबी ने उन्हें रन आउट करने की धमकी दी। वहीं, जब बाबर के जूते के फीते खुल गए तो नबी उन्हें बांधने के लिए वहां आए, लेकिन बाबर ने उनका सम्मान करते हुए उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया। क्रिकेट विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान एक बार फिर नॉन स्ट्राइक पर बल्लेबाज को रन आउट करने के मामले पर बहस छिड़ गई। इस मुकाबले में मोहम्मद नबी ने गेंद फेंकने से पहले बाबर आजम को क्रीज छोड़ने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए बीच में ही रोक दिया। अफगानिस्तान के क्रिकेटर ने गिल्लियां नहीं बिखेरीं, लेकिन उन्होंने अगली गेंद फेंकने से पहले बाबर को चेतावनी दी। इसी मैच में बल्लेबाजी के दौरान बाबर आजम के जूते के फीते खुल गए। आमतौर पर फील्डिंग कर रहे खिलाड़ी बल्लेबाज के फीते बांध देते हैं। क्योंकि, बल्लेबाज को ग्लव्स के साथ फीते बांधने में परेशानी आती है। जब बाबर के फीते खुले तो मोहम्मद नबी ने उन्हें बांधने की पेशकश की। हालांकि, बाबर ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। उन्होंने खुद अपने ग्लव्स निकाले और जूते के फीते बांध लिए। नबी उम्र में बाबर से काफी बड़े हैं, ऐसे में बाबर ने उनसे अपने जूते के फीते नहीं बंधवाए। सोशल मीडिया पर बाबर के इस फैसले की जमकर तारीफ हुई। फैंस ने कहा कि बाबर का सीनियर खिलाड़ी के प्रति सम्मान काफी अच्छा है।

## नाइंसाफी का किया था विरोध, पाकिस्तान के खिलाफ बीच में ही छोड़ दिया था मैच

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिशन सिंह बेदी ने गुस्से में भारतीय बल्लेबाजों को वापस बुला लिया था और पाकिस्तान की टीम को विजेता घोषित कर दिया गया था। 1978 में यह किसी कप्तान के लिए बहुत ही साहस भरा फैसला था। भारत के दिग्गज स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन हो चुका है। उन्होंने 77 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेदी अपनी बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के अलावा बेबाक बयानबाजी और आक्रामक रवैये के लिए भी जाने जाते हैं। 22 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करने वाले बेदी बेहद निर्भीक और बेबाक कप्तान थे। साल 1978 में उन्होंने कुछ ऐसा किया था, जिससे पूरे क्रिकेट जगत में सनसनी फैल गई थी। बेदी ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाजों को वापस बुला लिया था और पाकिस्तान की टीम पूरा मैच खेले बिना ही यह मैच जीत गई थी। साल 1978 में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया था। इस दौरे में भारत को तीन वनडे और तीन टेस्ट खेलने थे। भारत ने पहला वनडे मैच चार रन से जीता था, लेकिन दूसरे वनडे में टीम इंडिया को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दो टेस्ट मैच खेले गए। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा और दूसरा टेस्ट पाकिस्तान ने आठ विकेट से जीता। इसके बाद तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा था। तीसरे वनडे में पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आसिफ इकबाल के 62 रन और माजिद खान के 37 रन के चलते पाकिस्तान ने 40 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। भारत के लिए कपिल देव, वेंकटराघवन और मोहिंदर अमरनाथ ने दो-दो विकेट लिए थे। जवाब में भारत ने अच्छी शुरुआत की थी। चेतन चौहान 23 रन पर आउट हुए। इसके बाद अंशुमन गायकवाड़ और सुरिंदर अमरनाथ ने पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। सुरिंदर 62 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन अंशुमन 78 रन बनाकर नाबाद थे और गुंडप्पा विश्वनाथ आठ रन बनाकर खेल रहे थे।

**बाउंसर के खिलाफ किया था विरोध**

भारत को जीत के लिए आखिरी तीन ओवरों में 23 रन की जरूरत थी। ऐसे में पाकिस्तान के सरफराज नवाज ने लगातार बाउंसर फेंकना शुरू कर दिया। उस समय बाउंसर की ऊंचाई को लेकर वाइड का नियम नहीं था। ऐसे में अंशुमन ने अंपायर से हस्तक्षेप करने के लिए कहा, क्योंकि सभी गेंदें उनके सर के काफी ऊपर से जा रही थीं। घरेलू अंपायरों जावेद अख्तर और खिजर हयात ने पाकिस्तान के कप्तान मुश्ताक मोहम्मद से बाउंसर गेंद नहीं करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इसे आक्रामक गेंदबाजी मानने से इनकार कर दिया। 48वें ओवर की पहली चार गेंदों में से प्रत्येक गायकवाड़ की पहुंच से काफी दूर थी और डॉट गेंदें थीं क्योंकि तब बाउंसर सीमा का कोई प्रावधान नहीं था। भारतीय कप्तान बिशन सिंह बेदी विपक्षी कप्तान मुश्ताक से बात करने के लिए बाहर चले गए और बातचीत से नाखुश दिखे।

**मैच और सीरीज हारा था भारत**

इसके बाद बेदी ने अपने बल्लेबाजों गायकवाड़ और गुंडप्पा विश्वनाथ को पवेलियन वापस बुला लिया। इसके बाद मुश्ताक भारतीय पक्ष को खेल फिर से शुरू करने के लिए मनाने के लिए भारतीय ड्रेसिंग रूम में चले गए। लेकिन बेदी पाकिस्तान की बाउंसर रणनीति के खिलाफ दृढ़ता से खड़े रहे और अपने बल्लेबाजों को मौका नहीं दिया, जबकि उन्हें पता था कि इससे विपक्षी टीम मैच और सीरीज जीतेगी।

## दशहरा पर दिख जाए ये पक्षी तो समझ लीजिए खुलने वाली है किस्मत



**नई दिल्ली।** इस साल 24 अक्तूबर को दशहरा यानी विजयादशमी है। मान्याता है कि त्रेतायुग में आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसके चंगुल से आजाद किया था। तब से हर साल इस दिन रावण के पुतले का दहन किया जाता है। दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। दशहरे के पर्व को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना भी अत्यंत शुभ होता है। कहते हैं कि दशहरा के दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन से आपके सभी बिगड़े काम सही हो जाते हैं और जीवन में सुख समृद्धि भी आती है। ऐसे में चलिए जानते हैं दशहरा के दिन नीलकंठ का दर्शन करना क्यों शुभ माना गया है और इससे जुड़ी पौराणिक मान्यता क्या है।

### नीलकंठ पक्षी के दर्शन का महत्व

हिंदू धर्म में नीलकंठ पक्षी को बेहद शुभ माना जाता है। दशहरा के दिन इसके दर्शन होने से धन और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि दशहरा के दिन किसी भी समय नीलकंठ पक्षी दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं आप जो भी काम करने जा रहे हैं उसमें सफलता मिलती है।

**दशहरा पर नीलकंठ के दर्शन क्यों शुभ?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान श्री राम रावण का वध करने जा रहे थे तो उस दौरान उन्हें नीलकंठ पक्षी के दर्शन हुए थे। इसके बाद भगवान श्री राम को रावण पर विजय प्राप्त हुई थी। इसके अलावा कहा जाता है कि रावण का वध करने के बाद भगवान राम को ब्राह्मण हत्या का पाप लगा था। भगवान श्रीराम ने उस पाप से मुक्ति पाने के लिए शिवजी की आराधना की थी। मान्यता है कि श्रीराम को इस पाप से मुक्ति दिलाने के लिए शिव जी ने नीलकंठ पक्षी के रूप में दर्शन दिया था। तभी से दशहरे के दिन नीलकंठ के दर्शन की परंपरा है। इस दिन नीलकंठ का दिखना शुभ माना जाता है।

**नीलकंठ पक्षी दिखने पर जपें ये मंत्र**

**कृत्वा नीराजनं राजा बालवृद्धयं यता बलम्।**
**शोभनम खंजनं पश्येज्जलगोगोष्ठसंनिघौ।।**
**नीलग्रीव शुभग्रीव सर्वकामफलप्रद।**
**पृथ्वियामवतीर्णोसि खच्चरीट नमोस्तुते।।**

**क्या है नीलकंठ का अर्थ?**

नीलकंठ अर्थात जिसका गला नीला हो। धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव ही नीलकंठ हैं। इसी कारण से इस पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि और स्वरूप दोनों माना जाता है। मान्यता है कि दशहरा पर भगवान शिव नीलकंठ पक्षी का रूप धारण कर विचरण करते हैं। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति को दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन होते हैं तो इसे शुभ माना जाता है।

## बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ तो करें नारियल तेल का इस्तेमाल, मिलेगा इस परेशानी से छुटकारा



अक्तूबर का महीना चल रहा है। ऐसे में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। मौसम के करवट बदलते ही लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देखते ही देखते त्वचा में नमी में कमी आने लगी है। इसी के चलते अभी से लोगों ने अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना शुरू कर दिया है। देखा जाता है कि इस मौसम में ना सिर्फ ठंडक की वजह से बल्कि प्रदूषण की वजह भी होंठ फटने लगते हैं। जो देखने में बेहद खराब लगते हैं। होंठों को भी त्वचा की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप घर पर ही कर सकते हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं नारियल के तेल की, जिसके इस्तेमाल से आपको फटे होंठों से छुटकारा मिल जाएगा।

### नारियल तेल

**बेहद फायदेमंद होता है नारियल का तेल**



अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है। इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। आइए देर ना करते हुए आपको बताते हैं कि आप नारियल तेल का इस्तेमाल कैसा कर सकते हैं।

**नारियल तेल से करें हौंठों की मसाज**



अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें। इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी।

**जैतून के तेल के साथ मिलाएं**



अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं।

**लिप बाम की तरह करें इस्तेमाल**



जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करत हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

## इस दशहरा पारंपरिक रूप से होना है तैयार तो विद्या बालन के इन लुक्स पर डालें एक नजर



हर साल की तरह इस साल भी पितृपक्ष के समाप्त होने के बाद अब शारदीय नवरात्रि का त्योहार शुरू हो गया है। नौ दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्रि के पर्व के बाद धूमधाम से दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि दशहरा मनाया जाएगा। इस साल ये तिथि 24 अक्तूबर को पड़ रही है। ऐसे में लोगों ने अष्टमी-नवमी के साथ दशहरा की तैयारियां शुरू कर दी है। ये दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन है। ऐसे में जगह-जगह दशहरा की पूजा का आयोजन होता है। कई जगह बड़े-बड़े मेलों का भी आयोजन किया जाता है। पूजा के समय लोग नए-नए कपड़े पहनकर तैयार होते हैं।



अगर आप भी कुछ ऐसा तलाश कर रही हैं, जिसे आप पूजा के समय पहन सकें तो आप विद्या बालन के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं।

**पारंपरिक साड़ी**

इस तरह की पारंपरिक लाल पाड़ सादा साड़ी, सफेद रंग की साड़ी होती है, जिसमें चारों तरफ लाल रंग का बॉर्डर होता है। विद्या बालन का ये साड़ी लुक भी दशहरा के लिए परफेक्ट है।

**अनारकली सूट**

इस तरह का अनारकली सूट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। दशहरा के बाद आप इसे दोबारा कभी भी पहन सकती हैं। इसे किसी हल्दी में भी पहना जा सकता है।

**इंडो वेस्टर्न लुक**

विद्या बालन अपने लुक्स के साथ एक्सरपेरिमेंट करती रहती हैं। ऐसे मे आप उनके इस इंडो वेस्टर्न लुक से टिप्स लेकर दशहरा पर तैयार हो सकती हैं।

**पेप्लम टॉप- फ्लेयर्ड प्लाजो**

विद्या बालन ने इस लुक में रेड प्रिंटेड पेप्लम टॉप के साथ मैचिंग फ्लेयर्ड प्लाजो पहना है। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो ये एक बेहतर विकल्प है।

**लाल सिल्क साड़ी**

हर त्योहार के लिए लाल रंग की साड़ी सबसे सही विकल्प होती है। ऐसे में आप दशहरा की पूजा में लाल सिल्क की साड़ी कैरी कर सकती हैं।

**कांजीवरम साड़ी**

अगर आप दशहरा की पूजा में इस तरह की लाल-पीली कांजीवरम साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक बेहद खूबसूरत दिखेगा।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित। RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।